


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 270 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 02 जुलाई 2025 डाक 03 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
श्रीनगर के पंथा चौक स्थित यात्री निवास में पंजीकरण केंद्र के बाहर सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं



**देश-विदेश**
लोकतंत्र की जननी बिहार से लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश शुरू तेजस्वी ने क्यों कह दी इतनी बड़ी बात



**फीचर पेज**
कैजुअल कपड़ों के साथ इन 5 फुटवियर्स को पहनें, लगेंगी सबसे ज्यादा खूबसूरत



### ओडिशा में बड़ा हादसा

## मैगनीज खदान के पास भूस्खलन से 3 की मौत, 6 घंटे बाद निकाले शव



**बड़बिल, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

ओडिशा के क्योंझर जिले में कल देर शाम भूस्खलन के कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना जिले के जोड़ा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बिचकुंडी क्षेत्र के दलपहाड़ा के पास हुई। मृतकों की पहचान बिचकुंडी क्षेत्र के संदीप मूर्ति, गुरु चंपिया और कांडे मुंडा के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, बैतरणी आरक्षित वन क्षेत्र में मैगनीज खनन चल रहा था, तभी भूस्खलन हुआ। इस घटना में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

इस दुखद घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। 6 घंटे के बचाव अभियान के बाद तीन शव निकाले गए। घटना के बाद पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में गवाह के नहीं आने से सुनवाई टली, अब 14 जुलाई को होगी

**नईदिल्ली।** साल 2018 के राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुनवाई को एक बार



फिर से टाल दिया गया है। इस बार इस केस में गवहा ही हाजिर नहीं हुआ। इस लिए कोर्ट ने मामले की सुनवाई को आगे बढ़ा दिया है। एमपी-एमएलए अदालत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले की सुनवाई को टल गई।

## संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दो आरोपितों को दी जमानत, साथ में शर्त भी लगाई

**नईदिल्ली, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले के आरोपितों में से नीलम आजाद और महेश कुमावत को दिल्ली हाई कोर्ट ने जमानत दे दी। इस मामले में सुनवाई के बाद 21 मई को कोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की बड़ी वारदात हुई थी। संसद भवन के अंदर और बाहर कुछ लोगों ने कलर स्मोक कंटेनर से धुआं छोड़कर नारेबाजी की थी।संसद पर आतंकी हमले की बरसी पर यह सेंध लगाई गई थी। इस वारदात के मुख्य आरोपित सागर शर्मा और मनोरंजन डी लोकसभा की कार्रवाई के दौरान विजिटर्स गैलरी से कूद गए थे। नीचे कूदने के साथ ही कलर स्मोक कंटेनर से पीला



धुआं छोड़कर नारेबाजी की थी वहीं, आरोपित अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद भवन परिसर के बाहर कलर स्मोक कंटेनर से धुआं छोड़ा और नारे लगाए थ। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें नीलम आजाद और महेश कुमावत भी शामिल हैं। दिल्ली पुलिस ने इनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। ट्रायल कोर्ट ने पहले इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, लेकिन हाई कोर्ट में अपील के बाद न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने 2 जुलाई 2025 को इन्हें जमानत दे दी। दोनों को 50,000 रुपये के निजी मुचलके और दो जमानतदारों के साथ जमानत दी गई है।

इसके साथ ही कोर्ट ने शर्त रखी है कि नीलम और महेश न तो मीडिया को इंटरव्यू देंगे और न ही सोशल मीडिया पर इस घटना से जुड़ी कोई पोस्ट करेंगे। दिल्ली पुलिस ने जमानत का विरोध किया था, लेकिन कोर्ट ने सभी तथ्यों और दलीलों को सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। सेंध का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिहाज से संवेदनशील माना जा रहा है।

## सिंधु जल संधि पर भारत ने दी टेंशन, पाकिस्तान ने आखिरकार कबूला सच, शहबाज सरकार ने किया बड़ा ऐलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ ने ऐलान किया है कि उनकी सरकार पानी के भंडारण के तरीके को मजबूत करेगी। ये फैसला ऐसे वक्त में आया है जब भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का कदम उठाया था। पाकिस्तान की बड़े पैमाने पर खेती-बाड़ी सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों पर निर्भर है। अगर इन नदियों के जलस्तर में कमी आई तो पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज हो जाएगा और बूंद-बूंद पानी को तरस जाएगा। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने नेशनल



इमरजेंसी ऑपरेशन्स सेंटर के दौरे के दौरान इस मसले पर बात की। सरकारी न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान के मुताबिक, उन्होंने कहा कि दुश्मन जल समझौते के खिलाफ कदम उठाना चाहता है। शहबाज शरीफ ने कहा, हमारी हुकूमत ने फैसला किया है कि हम अपनी पानी के भंडार बनाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तानी सरकार पानी को बरतने के तरीके पर काम करेगी और भंडारण इसमें अहम कड़ी होगी, जिसमें डायमर भाशा डैम जैसे प्रोजेक्ट्स शामिल होंगे।

### दलाई लामा ने उत्तराधिकारी के नाम का ऐलान करने से किया इनकार

**नईदिल्ली।** दलाई लामा ने घोषणा की है कि दलाई लामा की सदियों पुरानी संस्था उनकी मृत्यु के बाद भी जारी रहेगी। यह निर्णय तिब्बती बौद्धों और वैश्विक समर्थकों के लिए बहुत मायने रखता है, जो उन्हें शांति, करुणा और सांस्कृतिक अस्तित्व के प्रतीक के रूप में देखते हैं। 6 जुलाई को अपने 90वें जन्मदिन से पहले, दलाई लामा ने बताया कि पिछले 14 वर्षों में, उन्हें परंपरा को जारी रखने के लिए कई अनुरोध प्राप्त हुए हैं। ये अपीलें निर्वासित तिब्बती समुदायों, हिमालयी क्षेत्र, मंगोलिया, रूस, चीन और तिब्बत के अंदर से बौद्धों की ओर से आई हैं।

## वैश्विक नेताओं से बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं, पांच देशों की यात्रा पर बोले पीएम मोदी




**नईदिल्ली, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हुए। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का पहला चरण है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं। अपने बयान में पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। इसके बाद, पीएम मोदी 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह भारत के साथ 'गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव' साझा करता है। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा।

### मट्टू मामला: हत्या के दोषी की रिहाई याचिका पर हाईकोर्ट की समीक्षा

**नई दिल्ली 2 जुलाई।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1996 में कानून की छात्रा प्रियदर्शिनी मट्टू के बलात्कार और हत्या के दोषी संतोष कुमार सिंह की समयपूर्व रिहाई याचिका को सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) द्वारा खारिज किए जाने के फैसले को पलट दिया है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कारावास के दौरान सिंह के सुधार के संकेतों को देखा और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन करने में एसआरबी की विफलता को उजागर किया। न्यायालय ने भविष्य में शीघ्र रिहाई समीक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी करते हुए फैसला सुनाया, मामले को पुनर्विचार के लिए एसआरबी को भेजा जा रहा है। सिंह, जिसने 25 साल से अधिक की सजा काटी है, को 2021 और फिर 2024 में रिहाई से वंचित कर दिया गया।

## शराब घोटाला : दो किश्त में 20 करोड़ प्रतिमाह ले रहा था कांग्रेसी नेता



**रायपुर, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में बड़े अहम और चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। ईओडब्ल्यू के पूरक चालान के मुताबिक, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के अलावा एक अन्य बड़े कांग्रेसी नेता को महीने में दो बार 10-10 करोड़ रुपए मिलते थे। यही नहीं शराब घोटाले से मिली रकम में से 1500 करोड़ रुपए पार्टी फंड के नाम पर दिया गया है, हालांकि, डायरी में इस बात का उल्लेख नहीं है कि किस पार्टी को यह फंड दिया गया है, जिसकी पड़ताल में ईओडब्ल्यू जुटी हुई है। जांच एजेंसी ने चार्जशीट में बताया कि फरवरी 2019 से आबकारी विभाग में भ्रष्टाचार शुरू हुआ। शुरुआती महीने में 800 पेटी शराब से भरी ट्रक डिस्टलरी से हर माह निकलती थी। एक पेटी को 2840 रुपए में बेचा जाता था। उसके बाद हर माह 400 ट्रक शराब की सप्लाई शुरू हो गई। अबकी बार प्रति पेटी शराब 3880 रुपए में बेचा जाने लगा। ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि साल में 60 लाख से ज्यादा पेटियां अवैध रूप से बेची गई। दो नंबर की शराब बेचने के लिए राज्य को 8 जोन में बांटकर 15 जिलों को चुना गया था। यहाँ की दुकानों में फैक्ट्री से ही डुप्लीकेट होलोग्राम लगकर शराब आती थी।

सिंडीकेट में शामिल अरविंद सिंह का भतीजा अमित सिंह, अनुराग ट्रेडर्स से जुड़े अनुराग द्विवेदी, सत्येंद्र प्रकाश गर्ग, नवनीत गुप्ता ने ओवर बिलिंग और बिना बिल के शराब की बोतल की सप्लाई की। अमित अपने साथी दीपक दुआरी और प्रकाश शर्मा के साथ मिलकर डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई करता था। कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया की सुमित फैसिलिटीज कंपनी के कर्मचारी ही डुप्लीकेट होलोग्राम लगाते थे।

## रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 फीसदी टैक्स लगाएगा अमेरिका, भारत के लिए क्यों खतरे की घंटी



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने रूस के साथ व्यापार करने वाले मुल्कों पर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। रूस की यूक्रेन के खिलाफ जंग के तीन साल बाद भी कुछ देश, खासकर भारत और चीन, रूस से तेल खरीद रहे हैं। इसके बाद अब अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने एक बिल को पेश किया है। इसमें रूस से व्यापार करने वाले मुल्कों पर 500 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही गई है। इस बिल को खुद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन हासिल है।

इस खबर ने भारत जैसे मुल्कों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है, जो रूस से सस्ता तेल खरीद रहा है। ये बिल क्या है और भारत पर इसका क्या असर पड़ सकता है। ग्राहम ने रविवार को न्यूज से बात करते हुए कहा कि ट्रंप ने इस बिल को जुलाई की छुट्टियों के बाद वोट के लिए लाने की हरी झंडी दे दी है। ये बिल रूस की जंगी मशीनरी को कमजोर करने और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन मसले पर बातचीत की मेज तक लाने का हथियार है।

## कोरोना वैक्सीन और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं, ICMR-AIIMS के शोध में दावा

**नईदिल्ली, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

देशभर में कोविड-19 वैक्सीन को लेकर चल रही तमाम अफवाहों को खारिज करते हुए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानने अपनी गहन पड़ताल में साफ कर दिया है कि कोविड वैक्सीन का युवाओं में अचानक होने वाली मौतों से कोई ताल्लुक नहीं है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस बात को जोर देकर कहा है कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इससे किसी तरह का खतरा नहीं। मंत्रालय ने साफ किया कि वैज्ञानिक तथ्यों



के आधार पर ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है जो वैक्सीन को अचानक मौतों का जिम्मेदार ठहराए।

ICMR और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की जांच ने भी यही साबित किया है कि भारत में इस्तेमाल होने वाली कोविड वैक्सीन न सिर्फ सुरक्षित है, बल्कि बीमारी से बचाव में भी कारगर है। गंभीर साइड इफेक्ट्स के मामले इतने कम हैं कि उन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने साफ कहा है कि वैक्सीन को अचानक मौतों से जोड़ने वाली बातें बेबुनियाद और गलत हैं।

## अमरनाथ यात्रा: भगवान भोले के जयकारों के साथ जम्मू से पहला जत्था रवाना, उपराज्यपाल ने दिखाई हरी झंडी



**जम्मू, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

जम्मू बम-बम भोले के नारों से गूंज रहा है। भगवान शिव शंकर के जयकारों के बीच भगवती नगर बेस कैंप से बुधवार सुबह अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू से पहला जत्था रवाना हुआ। पहले विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसमें जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शामिल हुए। पूजा के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले चरण में लगभग 4500 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुआ। उपराज्यपाल ने कहा, एक बार फिर जम्मू में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन देखने को मिल रहा है। यह आतंकवाद पर एक बहुत बड़ा तमाचा है कि देशभर से श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू पहुंच रहे हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने सभी श्रद्धालुओं को भगवान शिव के पवित्र निवास तक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के लिए शांति और आशीर्वाद के लिए बाबा अमरनाथ से प्रार्थना की। पहले जत्थे में शामिल एक महिला ने कहा कि बहुत ही अच्छा लगा है। हमें इस बात की भी खुशी है कि हम पहले जत्थे के साथ रवाना हो रहे हैं। सुरक्षा के मसले पर श्रद्धालुओं ने कहा कि जब तक हमारी सेना और प्रधानमंत्री मोदी हैं, तब तक कोई हमारा बाल भी बांका नहीं कर सकता है। हमें अपनी सेना पर पूरा भरोसा है। एक व्यक्ति ने कहा, हम लोगों को यही संदेश देंगे कि बिना डर के यहां आएं। बिंदास होकर इस यात्रा के लिए पहुंच सकते हैं। पुरानी मंडी मंदिर के महंत रामेश्वर दास ने कहा कि यात्रा में लोगों के मन में उत्साह है। लोगों में निडरता है, भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। बाबा के दर्शन के लिए सरकार ने बहुत अच्छी सुविधाएं दी हैं। पहले के मुकाबले इस बार यात्रा अच्छी होगी। निडरता के साथ भक्त यात्रा के लिए निकलकर आ रहे हैं। लोगों में किसी तरह का कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन लोगों के लिए मुंहतोड़ जवाब है, जो इसे कमजोर करने के प्रयास करते हैं। लेकिन मेरा मानना है कि यात्रा इस बार और भी अच्छी होने वाली है।

### पूर्व मंत्री मजीठिया की पेशी से पहले बवाल, हिरासत में सुखबीर बादल सहित अकाली दल के कई नेता

**चंडीगढ़ 02 जुलाई।** शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल समेत कई वरिष्ठ नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। सुखबीर बादल समेत अकाली नेता बुधवार को मोहाली कोर्ट जाना चाहते थे। जहां विजिलेंस ने आज बिक्रम सिंह मजीठिया को कोर्ट में पेश करना था। 25 जून को विजिलेंस ने मजीठिया को आय से अधिक संपत्ति मामले में गिफ्तार किया था। 26 जून को विजिलेंस ने मजीठिया को मोहाली कोर्ट में पेश करके 7 दिन का रिमांड लिया था। रिमांड की अवधि मंगलवार को खत्म हो गई।



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## हमारे डर से लाखों यहूदी बंकरों में छिपे, हूती विद्रोहियों ने इजरायल पर बरसाए बम, रक्षा मंत्री बोले- ईरान जैसा हाल करूंगा

**इजरायली, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

इजरायली सेना ने एक बड़ा खतरा टालते हुए यमन से दागी गई मिसाइल को हवा में ही नष्ट कर दिया। दूसरी तरफ, यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने इजरायल पर न सिर्फ मिसाइल बल्कि ड्रोन हमले भी किए। हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने टेलीग्राम पर कहा कि उनकी फौज ने पैलेस्टाइन 2 हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल से याफा के लोद हवाई अड्डे को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि यह हमला कामयाब रहा, जिससे लाखों यहूदी डर के मारे बंकरों में छिप गए और हवाई अड्डे का कामकाज ठप हो गया। इजरायल ने इस मिसाइल को रोकने की पुष्टि की, लेकिन हूती के ड्रोन हमले के दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की।हूती विद्रोहियों ने अपने टेलीग्राम पोस्ट में यह भी कहा कि उन्होंने याफा, अश्कलोन और उम्म अल-रशरश जैसे इलाकों में संवेदनशील ठिकानों पर ड्रोन हमले किए। यह हमले इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुई 12 दिन की जंग के बाद हुए, जिसमें इजरायल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, यमन को वही सजा मिलेगी जो तेहरान को मिली। उन्होंने कहा, तेहरान में सांप के सिर पर वार करने के बाद अब हम यमन में हूतियों को सबक सिखाएंगे। जो भी इजरायल के खिलाफ हथियार उठाएगा उसका हाथ काट दिया जाएगा।

### नगर निगम कार्यालय के सामने पेड़ गिरने से दो कर्मचारियों की मौत

**हावड़ा 02 जुलाई।** हावड़ा नगर निगम के मुख्य कार्यालय के सामने बुधवार सुबह एक बड़ा पेड़ अचानक गिरने से दो अस्थायी कर्मचारियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान उमेश महतो और नूर मोहम्मद के रूप में हुई है। यह हादसा सुबह-सुबह हुआ, जब ये कर्मचारी नगर निगम के मुख्य गेट के पास चाय पी रहे थे और अखबार पढ़ रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को बरामद कर लिया और आपदा प्रबंधन विभाग ने पेड़ हटाने का काम शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों और एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, यह पेड़ कई दिनों से झुका हुआ था और इसकी जानकारी नगर निगम को दी गई थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण यह हादसा हुआ। अगर यह घटना कार्यालय समय के दौरान होती, तो और लोगों के घायल होने की संभावना थी। हावड़ा नगर निगम के अध्यक्ष सुजय चक्रवर्ती ने इसे दुखद घटना बताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### भाजपा से निष्कासित पार्षद सुमन टिंकू राजोरा फिर आप में शामिल

**नई दिल्ली।** भाजपा से निष्कासित पार्षद सुमन टिंकू राजोरा आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। तीन सप्ताह पहले उन्हें दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन में पार्टी लाइन के खिलाफ वोट देने सहित कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए भाजपा से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था। राजोरा भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से पहले आप में थीं। उनकी वापसी का स्वागत करते हुए सदन के नेता अंकुश नारंग ने कहा, आज खुशी की बात है कि सुमन टिंकू राजोरा और उनके पति टिंकू राजोरा आप परिवार में वापस आ गए हैं। राजोरा ने कहा, कुछ महीने पहले मैंने भाजपा में शामिल होकर अपने जीवन की सबसे बड़ी गलती की थी।

# बुधवारी बाजार के बहुरेंगे दिन,होगा कायाकल्प

## आयुक्त ने भ्रमण के दौरान प्रस्ताव तैयार करने दिए निर्देश



**कोरबा।** कोरबा शहर के बुधवारी बाजार के दिन अब एक बार फिर बहुरेंगे, बाजार का कायाकल्प होगा, व्यवस्थाएं सुधरेंगी तथा अव्यवस्था व गदंगी दूर होंगी। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बुधवारी बाजार का सघन रूप से निरीक्षण कर बाजार के पसरों की मरम्मत करने, पुराने शेडों को बदलने, संपूर्ण बाजार के चारों ओर वाल व ग्रील स्थापित कर सीमांकित, सुरक्षित व व्यवस्थित करने संबंधी कार्यो का प्रस्ताव तैयार कराने तथा नियमित सफाई कार्य करने व व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि कोरबा शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने, सड़क फुटपाथ को अवैध कब्जों से निजात दिलाने, कोरबा को साफ-सुथरा व स्वच्छ स्वरूप देने, बाजारों व्यवसायिक व आवासीय क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने की दृढ़ इच्छाशक्ति रखने वाले निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय प्रतिदिन सुबह-सुबह निगम की एक्शन टीम के साथ कोरबा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 02 से 03 घंटे पैदल भ्रमण कर व्यवस्था सुधार का कार्य कर रहे हैं। जो भी करें-बेहतर करें की थीम व मूलमंत्र के साथ चलाए जा रहे इस अभियान की अगली कड़ी में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की अगुवाई में निगम की एक्शन टीम ने महाराणा प्रताप चौक, जैन चौक, बुधवारी बाजार से व्ही.आई.पी. रोड होते हुए साकेत भवन तक पूरे लाव-लश्कर के साथ पैदल मार्च किया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने सम्पूर्ण बुधवारी बाजार का पैदल भ्रमण करते हुए बाजार के चारों ओर 05 फिट की वाल निर्मित वाल निर्मित कर तथा वाल पर 02 फुट ऊंची ग्रील लगाकर बाजार को सुरक्षित, व्यवस्थित व सीमांकित किए जाने हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने बुधवारी बाजार में पसरों का मरम्मत व सुधार कार्य करने, जीर्ण-शीर्ण व पुराने शेड का बदलने तथा बाजार के अंदर सम्पूर्ण पाथवे का मरम्मत व सुधार कार्य करने संबंधी निर्माण कार्य का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश भी दिए।

बाजार परिसर में कचरे का समय पर उठाव न होने एवं कचरे की डम्पिंग देखकर आयुक्त श्री पाण्डेय ने संबंधित स्वच्छता कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि एवं स्वच्छता निरीक्षक को फटकार लगाते हुए नाराजगी जाहिर की तथा स्वच्छता कार्य एजेंसी पर 5000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किए जाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होने बाजार के परिसर में नियमित रूप से समय पर सफाई कार्य करने एवं अपशिष्ट का तुरंत उठाव करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि बाजार परिसर साफ-सुथरा रहें।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने बाजार के पसरों में संचालित सब्जी, फल आदि की दुकानों का निरीक्षण किया तथा दुकानों में डस्टबिन न रखें जाने एवं पसरों के सामने दुकान से निकले अपशिष्ट को डालने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए दुकानदारों से कहा कि वे आज से ही बड़ी साईज के हरे डस्टबिन दुकानों पर रखना सुनिश्चित कर लें अन्यथा कार्यवाही होगी। उन्होने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि दुकानों का दिन में दो बार निरीक्षण करें तथा जिन दुकानों में डस्टबिन न रखें हों व उनके द्वारा पसरों के सामने गंदगी फैलाई जा रही है, उन पर अर्थदण्ड आरोपित करें। भ्रमण के दौरान निगम की एक्शन टीम ने सड़क फुटपाथ पर कब्जा करने, गंदगी फैलाने, सी.एण्ड डी.वेस्ट व रेत गिट्टी आदि की सड़क पर डम्पिंग करने पर कार्यवाही की, अर्थदण्ड लगाया तथा अवैध कब्जों के हटाने व रेत गिट्टी, सी.एण्ड डी.वेस्ट को स्थल से तत्काल हटाने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होने बुधवारी बाजार के सामने सड़क के दूसरी ओर किए गए बेजा कब्जा को हटाने हेतु नोटिस जारी करने तथा संबंधितों द्वारा स्वयं बेजा कब्जा न हटाने पर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा कब्जा हटाए जाने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।उल्लेखनीय है कि बुधवारी बाजार चौक को व्यवस्थित करने, सड़क पर सजने वाली दुकानों के कारण वहॉं की बिगड रही यातायात व्यवस्था को सुधारने तथा स्थल का सौदंर्यीकरण करने के मद्देनजर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम द्वारा फुटपाथ पर ग्रील लगाकर वहॉं का सौदंर्यीकरण का कार्य कराया गया था, ग्रील लगी होने के बावजूद दर्जनों लोगों द्वारा ग्रील के अंदर फुटपाथ पर पुनः कब्जा कर लिया गया था, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर की तथा इन अवैध कब्जाधारियों को फुटपाथ से तत्काल हटाने व उक्त दीवाल में पेंटिंग्स कार्य कर वहॉं का सौदंर्यीकरण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बुधवारी से व्ही.आई.पी. रोड पर सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थल पर अपना सीमेंट हाउस प्रतिष्ठान के संचालक द्वारा ब्लैक स्टोन टाईल्स की डम्पिंग की गई थी, साथ ही निगम के द्वारा निर्मित ग्रीलयुक्त फुटपाथ् पर भी उक्त टाईल्स डम्प किए गए थे। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर की तथा 02 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाए जाने व तत्काल उक्त स्थल से ब्लैक स्टोन टाईल्स हटाने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री पाण्डेय के निर्देश निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा बुधवारी बाजार व्ही.आई.पी. रोड पर स्थित रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान स्वल्पाहार खाद्य सामग्री खुले में रखकर बेची जा रही थी, उसे कवर नहीं किया गया था, मिष्ठान व खाद्य सामग्री पर मक्खियॉं भिनभिना रही थी तथा रेस्टोरेंट में गदंगी पसरी थी, इस पर कार्यवाही करते हुए रेस्टोरेंट संचालक पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई, साथ ही कड़ी हिदायत दी गई कि वे खाद्य सामग्रियों को कवर करके रखें तथा रेस्टोरेंट की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, जोन कमिश्नर भूषण उरांव व प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, सुनील टांडे, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, राजस्व अधिकारी, अनिरूद्ध सिंह, उप जोन प्रभारी सुमित गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत, प्रिंस सिंह ठाकुर, पी.आई.यू. धनमोहन रात्रे, पंकज गभेल, लालू शुक्ला, रथराम राठौर, अजय टांडे, श्रवण कुमार झा आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# एचटीपीएस से सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण अभियंताऔर 15 विद्युतकर्मियों को दी गई भावपूर्ण विदाई



**कोरबा ।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा -पश्चिम से जून माह में अधीक्षण अभियंता किशोर कुमार बजाज और 15 विद्युत कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। इन विद्युतकर्मियों में वरिष्ठ पर्यवेक्षक ठंडा राम देवांगन, कमल किशोर शुक्ला, रूपचंद सूर्यवंशी, अगुस्टीन तिग्गा, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो श्यामा सोलंकी, कनिष्ठ पर्यवेक्षक बंश राम, रास बिहारी, देवेंद्र सिंह कश्यप, मो. रियाज, गौरीशंकर राठौर, दुर्गा प्रसाद चंद्रा, टीका राम, संयंत्र सहायक श्रेणी-एक जयपाल सिंह कंवर, शिव प्रसाद यादव और भृत्य नीरा बाई आदि शमिल हैं।सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी एवं कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता पी.के. श्रीवास्तव ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया। मुख्य अभियंता के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एम.के. गुप्ता, पी.के. स्वैन, के.एन.बी. राव, एस.सी. पाठक और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ ए.के. कुरनाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्रम कल्याण केंद्र में आयोजित दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में मुख्य अभियंता एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। अधीक्षण अभियंता किशोर कुमार बजाज ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का संक्षिप्त जीवन परिचय का उल्लेख किया गया। दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# रोटरी क्लब कोरबा ने मनाया डॉक्टर डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट डे

**कोरबा।** रोटरी क्लब कोरबा ने नरेश अरोरा एंड कंपनी, ट्रांसपोर्ट नगर में डॉक्टर डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्य द्वारा डॉक्टरों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया- डॉक्टर बी बी बोडे, डॉक्टर अन्नपूर्णा बोर्ड, डॉक्टर संजय अग्रवाल, डॉक्टर शोभराज चंदानी, डॉक्टर वंदना चंदानी, डॉक्टर प्रिंस जैन, डॉक्टर आकांक्षा जैन, डॉक्टर दिवित मित्तल, डॉ कुमार पुष्पेश, नरेश अरोराक्लब के सदस्यों ने इन व्यक्तित्वों को भविष्य की उज्जवल कामना के लिए शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन रोटरी क्लब कोरबा के नए सत्र की शुरुआत के साथ ही डॉक्टर डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के अवसर पर आयोजित किया गया था।रोटरी क्लब कोरबा का नया सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र के नए अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी और सचिव संतोष जैन हैं क्लब के सदस्य नए सत्र में भी समाज सेवा और सामुदायिक विकास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं।कार्यक्रम में प्रेम गुप्ता, मनीष अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, मनीष पोद्दार, मजीत सिंह, सतनाम मल्होत्रा, संजय अग्रवाल, निकेश भूटानी समेत अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

# जांच प्रकरणों को किया गया निराकृत

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में कार्यालय कलेक्टर कोरबा में विगत वर्षो से 06 कमर्चारियों का प्रक्रियाधीन विभागीय जांच प्रकरण का पूर्ण जांच कर निराकरण किया गया हैं। जिसके अंतर्गत पाली विकासखंड के तहसील कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड - 02 श्री कमल कुमार यादव 16 जून 2016 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। विभागीय जांच में श्री कमल कुमार यादव पर आरोपित आरोप प्रमाणित पाए जाने के कारण छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत् श्री कमल कुमार यादव, सहायक ग्रेड-02 को बर्खास्त किया गया हैं। इसी प्रकार भैंसमा तहसील अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर में पदस्थ श्री विमल सिंह, पटवारी (निलंबित) द्वारा ऋण पुस्तिका का पन्ना पूरा कर जाने पर नया ऋण पुस्तिका बना कर देने में 10 हजार की मांग करना एवं फौती नामांतरण पट्टा विभाजन एवं रिकार्ड दुरूस्ती करने के लिए 80 हजार की मांग करने के संबंध में निलंबन उपरांत विभागीय जांच संस्थित किया गया था। विभागीय जांच में श्री विमल सिंह पटवारी पर आरोपित आरोप प्रमाणित पाए जाने के कारण 02 वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोकते हुए निलंबन से बहाल करते हुए विभागीय जांच समाप्त किया गया हैं। तहसील बरपाली के श्री मोहनलाल कैवर्त, पटवारी पटवारी हल्का नंबर 09- पुरैना द्वारा तहसील बरपाली में स्थित भूमि का ऑनलाईन भुईया आई डी में दर्ज नामांतरण पंजी क्रमांक डक 202223550201400016ए पटवारी आई डी से दर्ज किया गया है जिसमें पूर्व से आदेश पारित वाला ऑप्सन का प्रयोग करते हुए ग्राम पुरैना प.ह.न. 09 तहसील बरपाली जिला कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 1403 / 3 रकबा 0.045 हे भूमि को शिवदास, शिवादास पिता करमूदास, शिवबाई, अमरिका पिता संतोषी पिता करमूदास जाति पनका के नाम पर दुरूस्त किया जाना प्रमाणित पाया गया। उक्त भूमि का बी-1 अवलोकन करने पर दिनांक 09.10.2023 को स्वयं डिजिटल हस्ताक्षर कर सत्यापित करने के संबंध निलंबन उपरांत विभागीय जांच संस्थित किया गया था।

# प्राचार्य पदोन्नति से स्टे हटा, अब 15 जुलाई के पूर्व काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर टी एवं ई संवर्ग में प् रिक्त पदों पर पदस्थापना आदेश जारी करने प्रदेश संयोजक सिंह ने शासन से की मांग



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी- कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा सहयोगी संगठन छत्तीसगढ़ प्रगतिशील एवं नवाचारी शिक्षक महासंघ के द्वारा प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति का शासन से आदेश जारी करवाने व माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ में प्राचार्य पदोन्नति के मामले में लगी याचिकाओं का निराकरण किये जाने के लिए विधिसम्मत ढंग से उचित पहल करने तथा काउंसलिंग के माध्यम से टी एवं ई संवर्ग में प्राचार्य के रिक्त समस्त पदों पर पदस्थापना आदेश जारी करवाने के लिए कारगर पहल की हैं।गौरतलब हैं कि माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ बिलासपुर के डिवीज़न बैंच ने 1 जुलाई 2025 को दिए अपने महत्वपूर्ण फ़ैसले में प्राचार्य पदोन्नति पर लगे स्टे को हटा दिया हैं, इससे स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 12 वर्षों से रुकी हुई प्राचार्य पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त हो गया हैं। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने राज्य शासन, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग तथा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ से मांग की हैं कि प्राचार्य पदोन्नति के मामले में लगी स्टे को 1 जुलाई 2025 को माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ द्वारा हटा दिए जाने के बाद प्राचार्य पदोन्नति के मार्ग में अब कोई क़ानूनी बाधा नहीं हैं, अतः राज्य शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा लोक शिक्षण संचालनालय त्वरित कार्यवाही कर 15 जुलाई 2025 के पूर्व काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष ढंग से पूर्ण कर, प्रदेश में टी एवं ई संवर्ग में रिक्त प्राचार्य के समस्त पदों पर पदस्थापना आदेश जारी करें। उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह तथा उनके सहयोगियों ने छत्तीसगढ़ शासन के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित अन्य माननीय मंत्रीगणों, माननीय सांसदगणों, माननीय विधायकगणों तथा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग,संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़,अवर सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, विभागीय उच्च अधिकारियों से मुलाक़ात करके अनेकों बार ज्ञापन सौंप कर प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जारी करवाने तथा प्राचार्य पदोन्नति के मार्ग में बाधित सभी क़ानूनी मामलों का उचित समाधान किए जाने के लिए लगातार पहल किया हैं, इसी का प्रतिफल हैं कि माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा प्राचार्य पदोन्नति के सभी मामलों में सुनवाई के बाद 1 जुलाई 2025 को अपना निर्णय दे दिया हैं। माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ बिलासपुर ने 1 जुलाई 2025 को दिए अपने महत्वपूर्ण फ़ैसले में प्राचार्य पदोन्नति पर लगी हुई स्टे को हटा दिया हैं, तथा अनेकों याचिकाओं को खारिज कर दिया हैं। माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ के द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय दिए जाने के बाद अब प्राचार्य पदोन्नति के मार्ग में कोई क़ानूनी बाधा नहीं हैं। अब शासन द्वारा निर्बाध ढंग से प्राचार्य पदोन्नति की पूरी प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती हैं।छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ के द्वारा प्राचार्य पदोन्नति के मामले में लगी स्टे को हटा दिए जाने के बाद राज्य शासन, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ से मांग की हैं

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना: आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की ओर एक सशक्त कदम

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आज देश के आम नागरिकों के लिए न केवल स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह आर्थिक सशक्तिकरण का भी सशक्त माध्यम बन रही है। इस योजना के अंतर्गत आमजन को रियायती दरों पर घर की छतों पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे वे खुद की बिजली जरूरतें पूरी कर सकें और बिजली बिलों से राहत पा सकें।

कटघोरा निवासी श्री गोरे सिंह राजपूत ने इस योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाया है। पहले जहां हर माह उन्हें ढाई से तीन हजार बिजली बिल चुकाना पड़ता था, अब मासिक बिजली बिल लगभग शून्य है। योजना का लाभ लेकर श्री राजपूत अपनी घरेलू विद्युत आपूर्ति हेतु बिजली पैदा कर रहे हैं, साथ ही बिजली बिल के भुगतान की राशि की बचत कर लाभ अर्जित कर रहे हैं। यह न केवल आर्थिक राहत है, बल्कि बिजली जैसी महत्वपूर्ण ऊर्जा उत्पादन में अपनी अहम योगदान दे रहें है। यह पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एक नई सोच की शुरुआत है, बिजली बनाओ, बचत बढ़ाओ और पर्यावरण बचाओ।

हितग्राही श्री राजपूत ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत घर पर सोलर पैनल लगवाने का निर्णय लिया। परम्परागत ऊर्जा स्रोतों के बेहतर विकल्प एवं हरित ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सौर ऊर्जा को अपनाने का निश्चय किया। सौर ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी लाभदायक है। इससे किसी प्रकार का प्रदूषण नही होता। प्रकृति को हानि नही पहुँचती।

हितग्राही श्री राजपूत ने योजना से हो रहे लाभ के बारे में बताया कि सोलर पैनल लगवाने के बाद से उनका मासिक बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। यह योजना मेरे जैसे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बहुत फायदेमंद है। स्वच्छ ऊर्जा अपनाकर न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि हर माह की बचत से भविष्य की योजनाओं को साकार करना भी संभव हो रहा है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष पूर्व उनके द्वारा योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन किया गया था, कुछ ही दिनों में विभागीय स्वीकृति के बाद उनके छत पर 1.95 लाख रुपए की लागत से 3 किलोवाट का सोलर पैनल लग गया। इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार की सब्सिडी भी प्राप्त हुई। लाभार्थी श्री गोरेसिंह राजपूत की इस पहल से न सिर्फ उनका जीवन आसान हुआ है, बल्कि यह प्रेरणा बन गई है अन्य स्थानीय निवासियों के लिए भी, जो अब इस योजना के प्रति जागरूक हो रहे हैं और अपने घरों को सौर ऊर्जा से सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।



# जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव हुआ संपन्न,योगेश जैन बने पुनः अध्यक्ष

**कोरबा।** कोरबा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव डी.डी.एम. रोड स्थित चैंब कार्यालय में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस चुनाव में योगेश जैन को चैंबर का पुनः नया अध्यक्ष चुना गया है, जिनके कंधों पर अब चैंबर की दिशा और दशा तय करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। इसी कड़ी में कोषाध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश रामानी को एक बार फिर से चुन लिया गया है, जो उनकी पिछली कार्यकुशलता और अनुभव का प्रमाण है। वहीं, नरेंद्र अग्रवाल ने महामंत्री पद पर जीत हासिल की है।उम्मीद जताई जा रही हैं की नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेश जैन के नेतृत्व में यह नई कार्यकारिणी जिले के व्यापारिक हितों को बढ़ावा देने और चैंबर ऑफ कॉमर्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेगी।

# इंडस स्कूल दीपका में डॉक्टर्स डे पर हुआ विशेष आयोजन, किया गया डॉक्टरों को सम्मानित

**कोरबा।** मानव जीवन में स्वास्थ्य का बहुत महत्व है। अच्छे स्वास्थ्य के बिना, जीवन की गुणवत्ता कम हो जाती है और व्यक्ति अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम नहीं होता है। स्वास्थ्य, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति है, न कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति।स्वास्थ्य व्यक्तियों को दैनिक गतिविधियों को कुशलतापूर्वक करने, जीवन का आनंद लेने और शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण बनाए रखने की अनुमति देता है।स्वस्थ व्यक्ति अधिक आत्मनिर्भर और उत्पादक होता है, जो समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देता है।डॉक्टर का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। वे बीमारियों और चोटों का निदान और उपचार करते हैं, और लोगों को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। डॉक्टर जीवन बचाने, बीमारियों को रोकने और लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।डॉक्टर आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक देखभाल प्रदान करते हैं, और वे बीमारियों और चोटों का प्रभावी ढंग से इलाज करके जीवन बचाते हैं।डॉक्टर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करते हैं, जैसे कि अवसाद और चिंता, और लोगों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करते हैं।डॉक्टरों का काम चुनौतीपूर्ण और पुरस्कृत दोनों है। वे मरीजों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समर्पित हैं, और वे समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हम यह कहें कि डॉक्टर भगवान का जीता जागता रूप है तो यहां कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। भले ही उनका जीवन कितना ही तनाव से पूर्ण होता है ,लेकिन तनाव को परे रखकर वह हर मरीज का पूरी संजीदगी से इलाज कर उन्हें जीवन दान देने का प्रयास करते हैं। उपरोक्त सभी तथ्यों के मद्देनजर डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में मानव जीवन के स्वास्थ्य को समर्पित डॉक्टर को सम्मान देने हेतु डॉक्टर डे के पावन अवसर पर एक बहुत ही भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दीपका एवं कोरबा क्षेत्र के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद थे। सभी डॉक्टर को इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने स्मृति चिन्ह



,शॉल एवं श्रीफल देकर उनके महनीय योगदान हेतु सम्मानित किया। आगंतुक सभी डॉक्टर का विद्यालय के छात्राओं ने तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डॉक्टर के सम्मान में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर स्वागत गीत एवं स्वागत नित्या की प्रस्तुति दी। मानव जीवन के स्वास्थ्य को समर्पित चिकित्सकों ने बारी बारी से अपने विचार प्रस्तुत किए एवं किसी भी मरीज के इलाज में आने वाली चुनौतियां एवं परिस्थितियों का पर खुलकर चर्चा की। डॉक्टर ने बताया कि उनके समक्ष बेड में लेता या उनके बगल के चेयर में बैठा व्यक्ति एक मरीज होता है और उसको बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना हमारा कर्तव्य होता है। हम अपनी तरफ से भरसक व ईमानदारी पूर्वक प्रयास करते हैं ,और बाकी कार्य हम ईश्वर पर पर छोड़ देते हैं क्योंकि प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष रूप से ईश्वर के मर्जी के बिना कुछ भी दुनिया में नहीं हो सकता ।हम तो मात्र माध्यम है।

इस सम्मान समारोह में इस सम्मान समारोह में डॉक्टर यू एस जायसवाल डॉक्टर सुबोध,डॉक्टर अरविंद, डॉक्टर हरि कंवर,डॉक्टर इम्तियाज, डॉक्टर अनुज मोहन, डॉक्टर अनिल कुमार, डॉक्टर पवन कुमार , डॉक्टर रामलाल मौजूद थे। उपस्थित सभी देवतुल्य चिकित्सकों का इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने श्रीफल शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

डॉक्टर सुबोध ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं कि ईश्वर ने हमें मानव की सेवा करने के लिए चुना है। हमारी हर संभव कोशिश होती है कि हम मरीज का बेहतर इलाज कर बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करें। हम तो माध्यम मात्र हैं ।करने करने वाला तो परमात्मा होता है। हम प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज करने हेतु प्रतिबद्ध हैं,और यह हमारा प्रथम कर्तव्य है। हम 24 घंटे मरीज को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने हेतु तत्पर रहते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर समाज में सबसे विनम्र और सम्मानित पेशेवर होता है।एक डॉक्टर वह व्यक्ति होता है जो बीमार लोगों का इलाज करता है। मनुष्य का जीवन आनंद, उतार-चढ़ाव, दुर्बलता, स्वास्थ्य और बीमारी से परिपूर्ण है। ... वह डॉक्टर ही होता है जो बीमार लोगों की देखभाल और उन्हें रोगों से मुक्त करता है। इसीलिए डॉक्टर को हमारे समाज में बहुत सम्मानजनक नजरों से देखा जाता है।समाज में डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है; वे अपना जीवन मरीजों की भलाई के लिए समर्पित करते हैं, बीमारी या स्थिति से तेजी से ठीक होने में सहायता करते हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। चिकित्सा ईश्वर के ही दूध होते हैं वह देवदूत होते हैं। हमें हमेशा चिकित्सकों का सम्मान करना चाहिए। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर उनके समर्पण ,उनके त्याग के बारे में सोचकर हमेशा उन्हें सम्मान देना चाहिए। हमें कभी भी डॉक्टर से बदतमीजी नहीं करनी चाहिए। उनके साथ हमेशा विनम्रता का व्यवहार करना चाहिए। न सिर्फ आज का दिन बल्कि प्रत्येक दिन डॉक्टर्स डे है। वे समाज में एक विशिष्ट स्थान रखते हैं, किस्मत वाले होते हैं जिन्हें ईश्वर इस कार्य के लिए चुनता है।

## अनमोल वचन......

मेहनत तो हर फ़ील्ड मेंकरनी पड़ेगी दोस्तबेकार पड़े रहने से तोलोहे में भी ज़ंक लग जाता है ।

## ट्रंप को नोबेल नामित

*पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश नोबेल शांति पुरस्कार-2026 के लिए की है। हालांकि ट्रंप ने कहा है कि वह कुछ भी कर लें उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। ट्रंप पिछले दिनों भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद के बाद कई दफा दावा कर चुके हैं कि उन्होंने ही दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रुकवाया था। हालांकि भारत सरकार ने उनके इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया। पिछले दिनों ट्रंप ने पाकिस्तान के कथित फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को दावत पर बुलाया था और उसके तीन दिन बाद ही शनिवार को पाकिस्तान सरकार ने कहा कि भारत के साथ संघर्ष में ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ट्रंप ने हाल के समय में कई जगहों पर संघर्षरत देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने में पहल की बातें कही हैं। रूस-यूक्रेन के बीच काफी समय से चले आ रहे युद्ध को रुकवाने की भी कोशिश की। यूक्रेन के राष्ट्रपति को बुला कर झिड़का भी, लेकिन युद्ध अभी तक थमा नहीं है। ट्रंप ने कहा कि वह कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष को रोकने लिए अद्भुत संधि करा रहे हैं। ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार की लालसा को अरसे से अपने दिल में पाले हुए हैं, लेकिन वैश्विक घटनाक्रम के मद्देनजर उनकी लालसा पूरी होती दिखलाई नहीं पड़ रही। बीते चौबीस घंटे का घटनाक्रम तो एकदम से उनकी इच्छा पर कड़ा आघात करने वाला रहा। अमेरिका ने युद्धरत ईरान और इजरायल के बीच तनाव को कम करने की बात तो कही, मगर रविवार तड़के इजरायल की तरफ से ईरान पर बम डाल कर ईरान के तीन सामरिक ठिकाने नष्ट कर दिए। इस हरकत को युद्ध रुकवाने का कार्य तो नहीं ही कहा जा सकता। शांति तो वार्ता की टेबल पर होती है, लेकिन हमलावर होकर एक पक्ष का साथ देते हुए दूसरे पक्ष को शस्त्रविहीन कर देना शांति स्थापना करार नहीं दिया जा सकता। वैसे भी पाकिस्तान ने भले ही शांति के नोबेल के लिए ट्रंप को नामित करने की बात कही है, लेकिन उसके अपने देश में ही इसका तीव्र विरोध शुरू हो गया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की राजूदत रह चुकीं मलीहा लोधी ने एक्स पर लिखा है कि ट्रंप को नोबेल नामित करने संबंधी सरकार का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप लोग किसी नये काम की शुरुआत करेंगे। आज आपको किसी से धन की प्राप्ति होगी, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपको ऑफिस से किसी काम के सिलसिले में बाहर जाना पड़ सकता है। छात्रों के लिए आज का दिन खास रहेगा, उनको आज टेस्ट पेपर में अच्छे अकं प्राप्त होंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख सुविधाओ में बढ़ोत्तरी होगी। आज आपको सगे सम्बन्धियों से शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टिकोण से लाभ होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ सकते है। आज जीवनसाथी के साथ आप ताल मेल बना कर रखेंगे। आज ऑफिस में आपको सहकर्मी का सहयोग मिलेगा , जिससे आप काम को कम समय में पूरा कर लेंगे। आज आपको किसी क़ानूनी प्रक्रिया से राहत मिलेगी, आप सुकून की सांस लेंगें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज समाज में कार्यरत लोंगों को वरिष्ठ व्यक्तियों के माध्यम से प्रोत्साहन प्राप्त होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा , आज बच्चे आपके काम में सहयोग करेंगें। अविवाहित व्यक्तियों के लिए आज का दिन खास है, उनको आज अच्छे रिश्ते का प्रस्ताव मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा। आज आप अपने दैनिक कार्यों को समय रहते ही पूरा कर लेंगे , जिससे आप अन्य कार्यों को कर पाएंगे। आज आपके रिश्ते में ताल मेल बना रहेगा , जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन लाभप्रद रहेगा, आज उनको किसी प्रतियोगिता के लिए सम्मान मिल सकता है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। जो लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का प्लान बना रहे है आज उनको बेहतरीन ऑफर मिलेगा। पैतृक सम्पति का आज आपको लाभ मिलेगा। आज आप सामाजिक समारोह को आयोजित करने का प्लान बना सकते है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी और आज आपको ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिलेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको किसी खास काम में सफलता मिलेगी ,लेकिन परिश्रम की अधिकता रहेगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बनी रहेगी , बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। छात्रों को आज पढाई से रिलेटेड कुछ नया कंटेंट पढ़ने को मिल सकता है। अविवाहित व्यक्तियों को आज एक अच्छे रिश्ते का प्रपोजल मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहेगा। आज आपको किसी काम को लेकर थोड़ी व्यस्तता रह सकती है , लेकिन कर्मचारियों का सहयोग बना रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम उनके फेवर में आएगा। जीवनसाथी के साथ बच्चों को लेकर आज आपकी कुछ विशेष बात हो सकती है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा , आर्थिक स्तिथि और मजबूत बनेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा , शाम को बच्चों के साथ टहलने जायेंगे। डिजिटल दुनिया से जुड़े व्यक्तियों को आज किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। इन्वेस्टमेंट में आज आपको दुगुना फायदा होने वाला है। शादीशुदा रिश्तों में ताल मेल बना रहेगा , बच्चे किसी बात को लेकर जिद कर सकते है। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज उन्नति के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगें।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे , जिससे आपके कैरियर को ग्रोथ मिलेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा , बच्चों का प्यार मिलेगा। नौकरी के इन्तजार में भटक रहे व्यक्तियों को आज किसी बड़ी कम्पनी से ऑफर मिल सकता है। बना रहेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे परिवार में खुशियां बनी रहेगी। बच्चे आपसे किसी विशेष बात पर चर्चा करेंगे , आपको उनकी बात ध्यान से सुननी चाहिए।

# बोइंग की कार्यक्षमता पर उठते सवाल

//विनीत नारायण//

**अहमदाबाद में हुई भयानक विमान दुर्घटना के बाद भारत सरकार ने दुर्घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की है, और विमान निर्माण कंपनी बोइंग ने भी सहयोग की पेशकश की है। बोइंग रसूखदार कंपनी है। बावजूद इसके बोइंग की कार्यक्षमता पर सवाल उठते रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक फिल्म वायरल हो रही है कि बोइंग कंपनी के ही एक इंजीनियर जॉन बार्नेट, जिन्होंने बोइंग की अंदरूनी क्षमताओं पर महत्त्वपूर्ण सवाल उठाए थे, 2024 में रहस्यमय परिस्थितियों में बोइंग कंपनी की ही कार पार्किंग में मृत पाए गए थे।**



जब किसी विमान दुर्घटना में पायलट भी मारे जाते हैं, तो चलन है कि पावरफुल लॉबी सांठ-गांठ करके जांच का रुख इस तरह मोड़ देती हैं कि दुर्घटना के लिए पायलट को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है क्योंकि वो अपना पक्ष रखने के लिए अब जीवित नहीं होता। इसलिए जरूरी है कि जांच एजेंसियां इस दुर्घटना की ईमानदारी से जांच करें। दुनिया भर में लाखों लोग बोइंग कंपनी के विमानों में रोज उड़ रहे हैं। उनकी सुरक्षा के हित में भी यह जरूरी है। बोइंग अपने विरुद्ध अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों का स्पष्ट जवाब दे और यदि निर्माण प्रक्रिया में खामियां हैं, तो उन्हें अविलंब सुधारे।

12 जून, 2025 को अहमदाबाद में हुई भयानक विमान दुर्घटना में जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। एयर इंडिया की फ्लाइट 1171 के दुखद हादसे में 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से 241 की मौत हो गई और केवल एक यात्री, विश्वास कुमार रमेश जीवित बचे। यह घटना विमान दुर्घटनाओं में एकमात्र बचे लोगों की उन असाधारण कहानियों में से एक है, जो न केवल चमत्कार को दर्शाती हैं, बल्कि मानव की जीवटता और भाग्य की अनिश्चितता को भी उजागर करती हैं।

विश्वास कुमार रमेश, 40 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक हैं, जो भारतीय मूल के हैं। उस दिन सीट नंबर 11ए पर बैठे थे, जो एक आपातकालीन निकास द्वार के पास थी। हादसे के तुरंत बाद विश्वास ने भारतीय मीडिया को बताया, 'मैं नहीं समझ पा रहा कि मैं कैसे बच गया। सब कुछ मेरी आंखों के सामने हुआ। मैंने सोचा कि मैं भी मर जाऊंगा लेकिन जब मैंने आंखें खोलीं तो खुद को जिंदा पाया।' उन्होंने बताया कि उनकी सीट के पास का हिस्सा जमीन पर गिरा और आपातकालीन निकास द्वार टूट गया था, जिसके कारण वे बाहर निकल पाए।

विमान दुर्घटनाओं में एकमात्र बचे लोगों की कहानियां बेहद दुर्लभ हैं, लेकिन ये मानव की जीवटता और कभी-कभी भाग्य के खेल को दर्शाती हैं। इतिहास में कुछ ऐसी घटनाएं दर्ज हैं, जिनमें एकमात्र व्यक्ति ही जीवित बचा। जूलियन कोएपके 17 साल की जर्मन लड़की थीं जो 1971 में पेरू के अमेजन जंगल में लांसा फ्लाइट 508 की दुर्घटना में एकमात्र जीवित बची थीं। विमान 10,000 फीट की ऊंचाई से गिरा और जूलियन अपनी सीट से बंधी हुई जंगल में जा गिरीं। गंभीर चोटों के बावजूद वह 11 दिनों तक जंगल में भटकती रहीं और अंततः मदद मिलने पर बच गई। उनकी कहानी साहस और जीवित रहने की इच्छाशक्ति का प्रतीक बन गई। वेस्ना वुलोविच, सर्बियाई फ्लाइट अटेंडेंट थीं जो 1972 में फ्लाइट 367 के मध्य हवा में हुए विस्फोट के बाद एकमात्र जिंदा बची थीं। वह 33,000 फीट की ऊंचाई से गिरने के बावजूद जीवित रहीं जो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है।

वेस्ना को गंभीर चोटें आई थीं, लेकिन वह ठीक हो गई और बाद में अपनी कहानी साझा की। चार साल की सेसिलिया सिचन 1987 में नॉर्थवेस्ट एयरलाइंस फ्लाइट 255 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एकमात्र जिंदा बची थी। यह विमान मिशिगन में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें 154 यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए। सेसिलिया को मलबे में दबा हुआ पाया गया और उसकी जान बचाने के लिए व्यापक उपचार किया गया। 12 साल की बाहिया बकारी 2009 में येमेनिया एयरवेज की उड़ान के कोमोरो द्वीप समूह के पास दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जिंदा बची थी। वह समुद्र में तैरती रही और बाद में बचाव दल द्वारा बचा ली गई। उसकी कहानी भी दुनिया भर में चर्चा बनी। विमान दुर्घटनाओं के अलावा, अन्य दुखद हादसों में भी एकमात्र बचे लोगों की कहानियां सामने आई हैं। 1912 में टाइटैनिक के डूबने में कई लोगों की जान गई। लेकिन कुछ लोग, जैसे मिल्विना डीन जो उस समय केवल दो महीने की थी, जीवित बची। वह उन अंतिम लोगों में थी जो इस त्रासदी से बचे थे। 2004 में हिन्द महासागर में सुनामी की प्राकृतिक आपदा में लाखों लोग मारे गए लेकिन कुछ लोग जैसे कि एक इंडोनेशियाई व्यक्ति, जिसे लहरों ने समुद्र में बहा दिया था, चमत्कारिक रूप से बच गया।

विमान दुर्घटना या अन्य त्रासदियों में एकमात्र बचे लोग अक्सर 'सर्वाइवर्स गिल्ट' (जीवित रहने का अपराधबोध) से गुजरते हैं। विश्वास कुमार रमेश ने भी बताया कि वह अपनी जान बचने के बावजूद अपने भाई को खोने के दुख से जूझ रहे हैं। जॉर्ज लैमसन जूनियर, जो 1985 में गैलेक्सी एयरलाइंस की दुर्घटना में एकमात्र बचे थे, ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह विश्वास की स्थिति को समझ सकते हैं क्योंकि ऐसी घटनाएं जीवित बचे लोगों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालती हैं।

मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसे लोग अक्सर पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से पीड़ित हो सकते हैं। विश्वास के मामले में डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि वह 'पोस्ट-ट्रॉमेटिक अम्नेसिया' से प्रभावित हो सकते हैं, जिसके कारण उन्हें दुर्घटना की पूरी तस्वीर याद नहीं है। विश्वास कुमार रमेश का जीवित रहना कई कारकों का परिणाम हो सकता है। प्रो. जॉन हंसमैन, एमआईटी के वैमानिकी विशेषज्ञ, के अनुसार विमान दुर्घटना में जीवित रहने की संभावना सीट की स्थिति, दुर्घटना के प्रकार और त्वरित निर्णय लेने पर निर्भर करती है। विश्वास की सीट आपातकालीन निकास के पास थी, जो बिना किसी बड़े नुकसान के जमीन पर जा गिरी और उन्हें बाहर निकलने का मौका मिला। इसके अलावा, उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और भाग्य ने भी उनकी जान बचाई।

विश्वास कुमार रमेश की कहानी, अन्य एकमात्र बचे लोगों की तरह, हमें जीवन की नाजुकता और चमत्कारों की संभावना की याद दिलाती है। ये कहानियां न केवल प्रेरणादायक हैं, बल्कि विमानन सुरक्षा में सुधार की आवश्यकता को भी उजागर करती हैं।

# मनुष्य की आयु निश्चित होने की बात स्वीकार करनी चाहिए

//अवधेश कुमार//

**अहमदाबाद हवाई दुर्घटना की तस्वीरें मजबूत हृदय वालों के अंदर भी कुछ समय के लिए भय पैदा कर देती है। दूसरी ओर ट्रैजेडी को अभिव्यक्त करने के लिए शब्द छोटे पड़ गए हैं। विमान का अगला भाग मेडिकल कॉलेज में घुसा हुआ बाहर निकला दिखता है। इससे पता चलता है कि विमान आग का गोला बना अपनी गति से जब हॉस्टल में घुसा होगा कैसी भयानक स्थिति पैदा हुई होगी। चारों तरफ जले हुए मलबे के ढेर बता रहे हैं कि विनाश की अग्नि ने वाकई तांडव मचा दिया जिसकी चपेट में आए मकान, सामान, जीव, पेड़-पौधे सभी धू-धू कर छटपटाते जलते रहे।**

अहमदाबाद हवाई अड्डा से लंदन गैटिवक के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के एआई 171 बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के कुछ यात्रियों की ऐसी कहानियां सामने आ रहीं हैं जो हर व्यक्ति के अंदर टीस पैदा करती है। कुछ मिनट पहले की हंसती खेलती सेल्फियां और तस्वीरें सदा के लिए समाप्त हो गई। विमान ने अहमदाबाद के रनवे-23 से 13.39 बजे उड़ान भरी थी। दो पायलट एवं 10 क्रु मेंबर सहित 242 सवारों में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे। उड़ान भरने से लेकर दुर्घटनाग्रस्त होने तक के सामने आए वीडियो से इसे सामान्य दुर्घटना मानने वालों की संख्या अत्यंत कम है। विमान उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही तेजी से नीचे की ओर आने लगा और सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पास मेघाणीनगर के सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के पांच मंजिला छात्रावास पर गिर गया। यात्री तो विमान में सवार थे किंतु हॉस्टल में छात्रावास एवं मेडिकल कॉलेज में जान गंवाने वाले छात्र-छात्राओं, डॉक्टरों, उनके परिजनों के लिए भी यह काल बन गया।

हॉस्टल के दृश्य बता रहे हैं किसी के प्लेट में एक रोटी पड़ी है तो किसी में थोड़ी सब्जी। चारों ओर कैसी चीख पुकार मची होगी। सेकेंड पहले जो स्वाद लेकर खा रहे होंगे आपस में बातचीत कर रहे होंगे उन्हें पता भी नहीं होगा कि आखिर हुआ क्या और प्राण पखेरू उड़ गए। कहा गया है कि मौत के कई बहाने होते हैं। मृत्यु तो आनी है चाहे जैसे आए। मृत्यु जीवन का एकमात्र सत्य है और इसके कारण कुछ भी हो सकता है। हम मनुष्य के रूप में एक पूरे तंत्र के हिस्से हैं। इसलिए घटनाएं होंगी तो उन्हें वर्तमान तंत्र के अनुसार हर दृष्टि से विश्लेषित किया जाएगा। एक साथ अग्नि का इतना विशाल ज्वालामुखी फट जाए तो कौन बच सकता है। दुर्घटना के समय विमान में 1,26,907 लीटर ईंधन था और उसकी ऊंचाई 625 फीट थी। विमान क्रैश होते ही उसके ईंधन ने आग पकड़ ली। तेज धमाके से उसके परखच्चे उड़ गए और विमान ज्वालामुखी की तरह धधक उठा। घने काले धुएं का गुबार काफी दूर तक देखा गया। दुर्घटनाग्रस्त विमान के आसपास तापमान 1000 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था तो बचाव कार्य में कितना मुश्किल हो गया होगा इसे आसानी से समझा जा सकता है। घटनास्थल पर गर्मी इतनी बढ़ गई कि जानवरों और पक्षियों तक को भागने का मौका नहीं मिला और सभी जलकर खाक हो गए। सड़कों पर बुरी तरह झूलसे हुए शव बिखरे पड़े थे। आपदा मोचन बल के एक सदस्य ने कहा कि, 'हम पीपीई किट पहनकर आए थे, लेकिन तापमान इतना ज्यादा था कि काम करना मुश्किल हो रहा था। हर तरफ मलबा बिखरा हुआ था। इसलिए हमें पहले सुलगते हुए मलबे को हटाना पड़ा। इस अकल्पनीय भयानक दुर्घटना के कारणों पर निश्चयात्मक टिप्पणी जांच के बाद ही की जा सकती है। घटनास्थल पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी सहित सभी प्रमुख एजेंसियों का पहुंचना बताता है कि सरकार ने किसी भी पहलू को नकारा नहीं है। सोशल मीडिया पर जाएं तो ऐसी हजारों टिप्पणियां है जिनमें षड्यंत्र की बात की जा रही है और उसी तरह के तर्क भी दिए गए हैं।विशेषज्ञ इसके कई कारणों की बात कर रहे हैं किंतु उनके बीच भी एकमत नहीं। विमान के टेकऑफ करने के ठीक बाद कॉकपिट में मौजूद पायलटों ने मे डे कॉल दिया था। भारत के उड्डयन नियामक-डीजीसीए के मुताबिक, इस मे डे कॉल के बाद जहाज से और कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। यह साफ नहीं है कि आखिर मे डे कॉल क्यों दी गई। जैसा पहले बताया जा चुका है टेकऑफ के बाद विमान 625 फीट यानी 190 मीटर ऊंचाई तक गया। इसके बाद यह लगातार नीचे जाता दिखा और इसके बाद पेड़ और इमारतों के बीच गिर गया। इसके बाद विमान को आग के गोले में बदलता देखा गया। इसका अर्थ हुआ कि विमान का टेकऑफ सफल रहा था। टेकऑफ के ठीक बाद ही यह ज्यादा ऊंचाई हासिल नहीं कर सका। कहा गया कि एयरक्राफ्ट टेकऑफ के बाद जरूरी थ्रस्ट पैदा नहीं कर पाया और नाकाम हो गया। खैर, ब्लैक बॉक्स के विश्लेषण से दुर्घटना का कारण जाना जा सकेगा। किंतु उन कारणों के पीछे के कारण का भी पता चल जाए इसके बारे में निश्चयात्मक रूप से कहना कठिन है। यह एक सर्वमान्य सत्य है कि किसी भी घटना और दुर्घटना को टाला नहीं जा सकता। मनुष्य निर्मित जितनी व्यवस्थाएं हैं उन सबकी सीमाएं ऐसी घटनाएं स्पष्ट कर देती हैं। हम एयर इंडिया या भारत में विमान परिचालन के अनेक कमियों की ओर इशारा कर सकते हैं। किंतु ऐसी कोई व्यवस्था या परिचालन तंत्र नहीं जो दुर्घटना न होने की गारंटी दे सके। बोइंग दुनिया की जानी-मानी कंपनी और कई हजार किलोमीटर उड़ान भरने के प्रशिक्षित पायलट के रहते दुर्घटना हुई। हम हर तरह से सुरक्षित व्यवस्था करने की कोशिश करें। किंतु न भूलें कि मनुष्य के रूप में हमारी सीमाएं बिल्कुल स्पष्ट हो जाती हैं।

## वन पट्टों के फौती और नामांतरण की प्रक्रिया अब आसान

छत्तीसगढ़ सरकार की नई पहल से वन पट्टों के फौती नामांतरण की प्रक्रिया सरल और व्यवस्थित हो गई है। किसी पट्टाधारी की मृत्यु के बाद उसके वैध वारिसों को अधिकार अब आसानी से मिल रहा है। वारिसों के नाम पर पट्टा दर्ज होने से वे न केवल भूमि के वैधानिक स्वामी बन पा रहे हैं, बल्कि शासकीय योजनाओं का लाभ भी उन्हें सुलभता से मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रत्येक वनभूमि पट्टाधारी परिवार को उसका पूरा हक और सम्मान दिलाना, हमारी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। देश में वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कुल 23 लाख 88 हजार 834 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रो का वितरण मार्च 2025 तक किया गया है, इनमें छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 4 लाख 82 हजार 471 व्यक्तिगत वन पत्रधारक हैं। राज्य में वन पट्टाधारकों की यह संख्या देश में सर्वाधिक है। वन अधिकार अधिनियम, 2006 का क्रियान्वयन वर्ष 2008 से देश में हो रहा है लेकिन इस अधिनियम में वन अधिकार पत्रधारक की मृत्यु होने की दशा में उनके विधिक वारिसानों को भूमि के नामांतरण के संबंध में प्रक्रिया नहीं होने के कारण नामांतरण नहीं हो पा रहा था साथ ही उन्हें शासन के योजनाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर इस कठिनाई को दूर करने के लिए तथा वंशजों का नाम पर काबिज वनभूमि का हस्तांतरण एवं राजस्व तथा वन अभिलेखों में दर्ज करने का निर्णय लिया। वन पट्टों के फौति-नामांतरण की सरल प्रक्रिया तय की गई है। अकेले छत्तीसगढ़ में ही 11 हजार 600 से अधिक वंशजों के आवेदन इसके लिए प्राप्त हुए हैं, जिन्हें प्रक्रिया के अभाव में नामांतरण के लिए भटकना पड़ रहा है। राज्य सरकार के इस निर्णय से अब उन्हें उनकी समस्या का निदान मिल गया है।

## तस्वीरों की दुनिया




कोलकाता के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के कस्बा लॉ कॉलेज के छात्रावास में एक छात्रा के साथ कथित बलात्कार के मामले में न्याय की मांग को लेकर विभिन्न लॉ कॉलेजों के छात्र एक विरोध रैली में हिस्सा लेते हुए।



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नजर आ रहे हैं।




श्रीनगर के पंथा चौक स्थित यात्री निवास में पंजीकरण केंद्र के बाहर वार्षिक 2025 श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण हेतु लंबी कतार में प्रतीक्षा कर रहे तीर्थयात्रियों पर सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं।



दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नई दिल्ली में किंग्सवे कैंप के न्यू पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में दिल्ली पुलिस कमिश्नरेट दिवस परेड के दौरान ग्रेटर कैलाश पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों को स्वच्छता पुरस्कार प्रदान किया।



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह शिमला में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव उत्सव के दौरान हिमाचल प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष के रूप में राजीव बिंदल की नियुक्ति पर उन्हें भाजपा का झंडा सौंपते हुए।




मंडी जिले में भारी बारिश के बाद मलबे की चपेट में आने से एचआरटीसी की एक बस फंस गई।



शिमला में शिमला-करसोग मार्ग पर बसंतपुर के पास भूस्खलन के बाद वाहनों का जाम लग गया।

# ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगा पीएम मोदी का दौरा, रक्षा-कृषि समेत ऊर्जा पर होगी व्यापक बातचीत



**नईदिल्ली, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 9 दिवसीय विदेश दौरा बुधवार से शुरू हो रहा है। इस दौरान वह अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। सम्मेलन में वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। आइये जानते हैं उनकी यह यात्रा कैसे ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी और वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। घाना के राष्ट्रपति जान महामा 2015 में इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट के लिए भारत आए थे। वह जनवरी 2025 में तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं।घाना पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। घाना भारत को बड़े पैमाने पर वस्तुओं का निर्यात करता है। घाना से भारत के आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी गोल्ड की है। प्रधानमंत्री मोदी महामा के साथ द्विपक्षीय भागीदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के जरिये इसे और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर बात करेंगे।

कैरिबियाई द्वीप में रहने वाले कुल प्रवासी भारतीयों में से 40-45 प्रतिशत त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रहते हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद बिसेसर और राष्ट्रपति क्रिस्टिनी कार्ला कंगालू दोनों भारतीय मूल के हैं। प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगों की पहली यात्रा होगी।1999 के बाद भारतीय पीएम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा भी होगी। पीएम मोदी ने नवंबर 2024 में गुयाना की यात्रा की थी। आठ माह में कैरेबियाई द्वीप की दूसरी यात्रा से संकेत मिलता है कि भारत क्षेत्र को कितनी अहमियत दे रहा है। करीब 180 वर्ष पहले भारतीय प्रवासी यहां त्रिनिदार एवं टोबैगो आए थे। दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 34.16 करोड़ डॉलर पहुंच गया। पीएम मोदी की अर्जेंटीना यात्रा 57 वर्ष में भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। वह अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेयी से मुलाकात के दौरान रक्षा, कृषि, खनन, तेल गैस और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर बात करेंगे। इससे पहले नवंबर, 2024 में ब्राजील में आयोजित जी20 समिट के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। भारत और अर्जेंटीना ने खनिज संसाधनों खास कर लीथियम के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की खपत कम करने और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने में लीथियम की भूमिका बेहद अहम है। अर्जेंटीना भारत के लिए सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। 2024 में भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी और निर्यात गंतव्य था। समिट के बाद राष्ट्रपति सिल्वा पीएम मोदी के लिए स्पेशल डिनर की मेजबानी करेंगे। ब्रिक्स समिट में पीएम मोदी वैश्विक प्रशासन के सुधारों, शांति एवं सुरक्षा, बहुपक्षीय संस्थाओं को मजबूत करने, जिम्मेदारी के साथ एआई के इस्तेमाल, जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने के लिए जरूरी कदमों और वैश्विक स्वास्थ्य पर बात करेंगे। माना जा रहा है कि समिट से इतर वह कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। ब्राजील की आधिकारिक यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति लूला के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, तकनीक, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में रणनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के कदमों पर विचार विमर्श करेंगे। ब्राजील दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। अपनी पहली नामीबिया यात्रा के दौरान पीएम मोदी देश की संसद को संबोधित करेंगे। नामीबिया जाने वाले वह तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2000 में मात्र 30 लाख डॉलर था जो अब करीब 60 करोड़ डॉलर पहुंच गया है। भारतीय कंपनियों ने नामीबिया के खनन, मैन्यूफैक्चरिंग, डायमंड प्रोसेसिंग और सेवाओं के क्षेत्र में निवेश किया है।

## भारत-पाक ने एक-दूसरे के कैदियों की सूची सौंपी, पाकिस्तान की जेल में 246 भारतीय बंद

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने मंगलवार को एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची साझा की। इस्लामाबाद ने नई दिल्ली को 246 भारतीयों या भारतीय समझे जाने वाले कैदियों की सूची सौंपी, जिसमें 53 नागरिक और 193 मछुआरे हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में पाकिस्तान से उन 159 भारतीय मछुआरों और नागरिकों को प्रत्यर्पित करने की मांग की है, जिनकी सजा पूरी हो चुकी है। भारतीय कैदियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने को भी कहा है। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के बयान के अनुसार, 2008 के राजनयिक सहायता समझौते के तहत दोनों देशों को प्रत्येक वर्ष एक जनवरी और एक जुलाई को एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची साझा करनी होती है। पाकिस्तान ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक प्रतिनिधि को भारतीय कैदियों की सूची सौंपी।

## तमिलनाडु का मोस्ट वांटेड आतंकवादी अबूबकर सिद्दीकी 30 साल बाद गिरफ्तार

### खुफिया सूचना के आधार पर पाई कामयाबी



**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने मंगलवार को राज्य के मोस्ट वांटेड आतंकवादी अबूबकर सिद्दीकी को लगभग तीन दशकों के बाद आंध्र प्रदेश के एक सुदूर ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया। लंबे समय से चल रहे आतंकी नेटवर्क के खिलाफ यह एक बड़ी जीत मानी जा रही है। सिद्दीकी (60), जो नागोर का निवासी है, उसको मोहम्मद अली (उर्फ यूनुस या मंसूर) के साथ पकड़ा गया, जो कई आतंकी मामलों में वांछित एक अन्य भगोड़ा है। विशिष्ट खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए, एटीएस ने आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले में दोनों का पता लगाया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# भारत के साथ खड़ा QUAD, पहलगाम आतंकी हमले की एक सुर में निंदा, कहा- दोषियों को हर हाल में सजा मिले



**क्वाड, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए खौफनाक आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में 26 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर कहा कि इस हमले के गुनहगारों, इसके पीछे के साजिशकर्ताओं और इसे फंड करने वालों को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। क्वाड का यह संयुक्त बयान मंगलवार को हुई विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किया गया। इसमें भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शामिल थे। चारों नेताओं ने न सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख दिखाया, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ाने की बात भी दोहराई है।क्वाड नेताओं ने अपने बयान में पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर भी गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में तनाव और अस्थिरता क्षेत्र के लिए खतरा है। क्वाड का लक्ष्य है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त और खुला रखा जाए, ताकि सभी देश शांति और समृद्धि के साथ आगे बढ़ सकें।

इस बयान से साफ है कि क्वाड देश आतंकवाद और क्षेत्रीय अशांति के खिलाफ मिलकर काम करने को तैयार हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने बैठक के बाद एक्स पर लिखा कि यह मुलाकात बहुत फलदायी रही। उन्होंने कहा कि क्वाड अब और भी केंद्रित होकर समकालीन चुनौतियों और अवसरों पर काम करेगा। जयशंकर ने यह भी जोर देकर कहा कि भारत को अपने लोगों को आतंकवाद से बचाने का पूरा हक है।

## अपने घर से 300 सोने के सिक्के लेकर आ

# पति और ससुरालवालों की मांगों से तंग आकर महिला ने आत्महत्या कर ली



**चेन्नई, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

तमिलनाडु में दहेज की मांग को लेकर बहुत हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। तमिलनाडु के तिरुपुर में 300 स्वर्ण सिक्के के लिए प्रताड़ित की गई नवविवाहिता महिला ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को बताया कि 27 वर्षीय महिला, जिसकी शादी मात्र ढाई महीने पहले हुई थी, उसने अपने पति और ससुराल वालों को अपने जीवन को समाप्त करने के निर्णय के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए आत्महत्या कर ली। महिला रिथान्या ने अपने पिता को भेजे एक ऑडियो संदेश में आरोप लगाया कि उसके पति कविनकुमार ने उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। उसने आरोप लगाया कि उसके ससुर ईश्वरमूर्ति और सास चित्रादेवी ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। महिला ने तंग आकर कीटनाशक खाकर अपनी जान दे दी। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि उसके पति और ससुराल वालों ने दहेज की मांग की और शादी के लगभग 15 दिन बाद ही समस्याएं शुरू हो गईं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उनकी बेटी को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक यातना सहनी पड़ी।

# सब धंधा बंद करके साउथ अफ्रीका लौटना पड़ेगा', ट्रंप की मस्क को सबसे बड़ी धमकी

**वाशिंगटन, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति एलन मस्क के बीच तनातनी बढ़ती दिख रही है। ट्रंप ने मस्क को इशारों में चेतावनी दी है कि उन्हें अपना कारोबार बंद करना पड़ सकता है। यह धमकी ऐसे समय में आई है जब कभी ट्रंप के करीबी माने जाने वाले मस्क ने उनकी नीतियों पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति के तौर पर मेरा समर्थन करने से पहले एलन मस्क जानते थे कि मैं ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) को अनिवार्य करने के सख्त खिलाफ हूं। यह बकवास है और यह हमेशा मेरे प्रचार अभियान का हिस्सा रहा है। इलेक्ट्रिक कारें ठीक हैं, लेकिन हर किसी को उन्हें खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। एलन को इतिहास में किसी से भी ज़्यादा सब्सिडी मिली और बिना सब्सिडी के शायद उन्हें अपना कारोबार बंद करके दक्षिण अफ्रीका वापस जाना पड़ सकता है। अपने पोस्ट में उन्होंने आगे कहा, कोई रॉकेट लॉन्च नहीं, कोई सैटेलाइट नहीं और कोई इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन नहीं, और हमारे देश के बहुत सारे पैसे बचेंगे। शायद छ्हलश्च को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बहुत सारा पैसा बचेगा! यह बयान मस्क द्वारा ट्रंप सरकार के एक बिल पर आपत्ति जताए जाने और एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने के संकेत देने के एक दिन बाद आया है। मस्क ने उस विधेयक को पागलपन भरा बताया था जिसमें रिकॉर्ड 5 ट्रिलियन डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि की गई है, और कहा था कि इससे आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा। मस्क ने लिखा था, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से, जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पांच ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाता है, यह स्पष्ट है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं ङ्क पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान ट्रंप और मस्क के बीच अच्छे संबंध थे, लेकिन चुनाव के बाद इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को लेकर नीतियों में बदलाव के कारण दोनों के बीच दूरियां आ गई हैं।

## इस इस्लामिक देश में चेहरा ढकने पर लगी पाबंदी, पीएम ने बताया क्यों जरूरी

**अस्ताना** । मुस्लिम बहुल देश कजाखस्तान ने एक बड़ा फैसला लेते हुए सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढकने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। प्रधान मंत्री कासिम जोमार्ट तोकायेव ने इस संबंध में पारित एक नए कानून पर अपनी मुहर लगा दी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दुनिया के कई इस्लामिक देशों में हिजाब और अन्य प्रकार के चेहरे के पर्दे का प्रचलन है, जिसके चलते इस फैसले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हो रही है। कजाखस्तान सरकार ने इस प्रतिबंध के पीछे मुख्य तर्क यह दिया है कि चेहरा ढका होने के कारण फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक ठीक से काम नहीं कर पाती है, जो सुरक्षा और अन्य उद्देश्यों के लिए कई स्थानों पर आवश्यक है। नए कानून के अनुसार, केवल बीमारी की स्थिति, खराब मौसम या खेल-कूद जैसी विशेष परिस्थितियों में ही चेहरा ढकने की अनुमति दी जाएगी। कभी सोवियत संघ का हिस्सा रहे कजाखस्तान में अपनी राष्ट्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। हालांकि देश की अधिकांश आबादी मुस्लिम है, लेकिन यहां आज भी सोवियत मूल्यों का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। चेहरा ढकने पर रोक लगाने वाले इस कानून में किसी विशेष धर्म या उसकी वेशभूषा का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इसका सीधा अर्थ चेहरे को ढकने वाली सभी प्रकार की प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाना है। प्रधान मंत्री तोकायेव ने इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि यह कजाख पहचान को मजबूत करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री कासिम जोमार्ट तोकायेव ने जोर देकर कहा कि चेहरे को ढकने वाले काले कपड़े पहनने की बजाय कजाख शैली के पारंपरिक वस्त्रों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को अपनी संस्कृति और पारंपरिक परिधानों को प्रोत्साहित करना चाहिए। कजाखस्तान सरकार के इस निर्णय को एक प्रगतिशील कदम के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन देश में एक वर्ग ऐसा भी है जो इसका विरोध कर रहा है। इस वर्ग का मानना है कि नागरिकों को अपनी पसंद के अनुसार कपड़े पहनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। गौरतलब है कि 2023 में भी इस मुद्दे पर काफी विवाद हुआ था, जब देश के अतयारु इलाके के एक स्कूल में लगभग 150 छात्राओं ने हिजाब पर प्रतिबंध के विरोध में स्कूल आने से इनकार कर दिया था। हालांकि, ऐसे विरोधों के बावजूद सरकार अपने फैसले पर अडिग है। सरकार का मानना है कि राष्ट्रीय पहचान को बनाए रखना सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री तोकायेव ने स्पष्ट किया है कि धर्म लोगों का निजी मामला है, लेकिन सार्वजनिक वेशभूषा ऐसी होनी चाहिए जो देश की राष्ट्रीय पहचान को दर्शाए। यह ध्यान देने योग्य है कि कजाखस्तान के अलावा, पूर्व सोवियत संघ के गणराज्य किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान में भी हिजाब पर पहले से ही प्रतिबंध लागू है।

## यहूदी छात्रों को तंग किया', ट्रंप ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को फिर दी फंडिंग रोकने की धमकी

**वाशिंगटन 02 जुलाई** ।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को सूचित किया कि उसकी जांच में पाया गया है कि विश्वविद्यालय ने यहूदी और इजरायली छात्रों के साथ व्यवहार में संघीय नागरिक अधिकार कानून का उल्लंघन किया है। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में हार्वर्ड के अध्यक्ष एलन गार्बर को सोमवार को भेजे गए पत्र का हवाला दिया गया है कि यदि तुरन्त पर्याप्त परिवर्तन नहीं किए गए तो सभी वित्तीय संसाधन रोक दिए जाएंगे और इसका संघीय सरकार के साथ हार्वर्ड के संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसपर बात करते हुए कहा कि वह हार्वर्ड सहित देश के अन्य विश्वविद्यालयों में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उनके विचार में यह विश्वविद्यालय वामपंथी विचारों द्वारा कब्जा कर लिए गए हैं और यहूदी-विरोध के गढ़ बन गए हैं।

# लोकतंत्र की जननी बिहार से लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश शुरू, तेजस्वी ने क्यों कह दी इतनी बड़ी बात



**पटना, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर महागठबंधन लगातार अपनी आपत्तियां दर्ज करा रहा है। मंगलवार को कांग्रेस नेताओं के साथ प्रेस कांफ्रेंस में राजद नेता ने कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार से लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश शुरू हो गई है। हम अपना पक्ष रखने और आपत्ति दर्ज कराने के लिए समय मांग रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग मिलने का समय तय नहीं कर रहा है।

चुनाव आयोग खुद असमंजस में है। वह हर दिन अपने ही फैसले और पुनरीक्षण प्रक्रिया को बदल रहा है। इससे इस पूरी प्रक्रिया पर संदेह पैदा होता है। महागठबंधन पहले ही सर्वदलीय बैठक की मांग कर चुका है, लेकिन हमारी बातों को अनसुना किया जा रहा है। पढ़ाई, कमाई, दवाई आदि के लिए बाहर गए लोगों का क्या होगा। बिहार से तीन करोड़ से अधिक पंजीकृत पलायन हुआ है। ऐसे में सबसे ज्यादा प्रभावित अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा, अति पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग होंगे। गरीबों के पास प्रमाण के तौर पर मांगे गए 11 दस्तावेज नहीं हो सकते हैं। जाति आधारित जनगणना में गरीबी रेखा से नीचे चिह्नित 94 लाख लोगों के लिए कौन से दस्तावेज मान्य होंगे, यह बताया जाना चाहिए। वैसे भी बिहार सतर्क है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि भाजपा और केंद्र सरकार के इशारे पर सरकारी एजेंसियां काम कर रही हैं। सरनेम देखकर वोटर लिस्ट से मतदाताओं का नाम हटाया जाएगा, क्योंकि केंद्र और बिहार सरकार की मंशा ठीक नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. शकील अहमद खान, अब्दुलबारी सिद्दीकी, संजय यादव, शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद आदि मौजूद थे।

# डिफेंस सेक्टर में अदाणी ग्रुप की एक और बड़ी छलांग

## खरीद ली 75 साल पुरानी ये हवाई कंपनी, अब शेयर भरेंगे उड़ान



**नई दिल्ली।** 2 जुलाई को शेयर बाजार के फिर से फ्लैट ओपन होने की संभावना है। गिफ्ट निफ्टी 31 प्वाइंट की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। लेकिन, अदाणी ग्रुप के एक शेयर में तगड़ा एक्शन देखने को मिल सकता है। क्योंकि, अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनी अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के माध्यम से एयर वर्क्स इंडिया (इंजीनियरिंग) प्राइवेट लिमिटेड में 85.1 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 1 जुलाई को 2621 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे।1 जुलाई को देर शाम अदाणी एंटरप्राइजेस ने एक्सचेंज को दी फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी। AWIEPL में 85.1 प्रतिशत हिस्सेदारी अदाणी ग्रुप ने 400 करोड़ में खरीदी। इस अधिग्रहण की घोषणा 23 दिसंबर 2024 को की गई थी। एयर वर्क्स इंडिया (इंजीनियरिंग) प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण के साथ ही अदाणी समूह, डिफेंस सेक्टर में अपने बिजनेस को और विस्तार देगा। यह अधिग्रहण अदाणी समूह की विमान सेवाओं और रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल सेगमेंट में विस्तार की योजना का हिस्सा है।

# पहले थूक चटवाया....फिर बेरहमी से पीटा, मामूली बात पर ई-रिक्शा चालक से थानेदार ने की दबंगई

**शेखपुरा 02 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय भले ही पीपुल फ्रेंडली पुलिसिंग के दावे कर रही हो। वहीं, दूसरी ओर जिले में सोमवार की शाम पुलिस का अमानवीय चेहरा देखने को मिला। मेहुस थानेदार प्रवीण चंद्र दिवाकर ने रास्ता नहीं देने पर ई-रिक्शा चालक प्रद्युम्न कुमार की बेरहमी से पिटाई कर दी। इसके बाद भी जब उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ तो चालक को थाने लाकर थूक चाटने और माफी मांगने को कहा गया। मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी बलिराम कुमार चौधरी ने मंगलवार की शाम आरोपी थानेदार प्रवीण चंद्र दिवाकर को निलंबित कर दिया। अब उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इधर, पिटाई से प्रद्युम्न की चमड़ी कई हिस्सों से फट गई। अस्पताल में इलाज कराने के बाद उसने विधायक सुदर्शन कुमार से मिलकर अपनी आपबीती सुनाई।

बताया जाता है कि प्रद्युम्न मेहुस चौक से ई-रिक्शा चलाकर जा रहा था। पीछे से थानेदार बुलेट बाइक से आ रहा था। उसने रास्ता देने के लिए हार्न बजाया, लेकिन ई-रिक्शा को आगे निकलने के लिए जगह नहीं मिली।इसके बाद थानेदार का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने डंडे से प्रद्युम्न की पिटाई कर दी। इसके बाद गश्ती दल को बुलाकर थाने ले गए।आरोप है कि थाने में पुलिसकर्मियों के सामने उससे थूक चटवाया गया। इसके बाद माफी मांगने पर उसे छोड़ दिया गया। उधर, निलंबित थानेदार प्रवीण चंद्र दिवाकर का कहना है कि सोमवार की शाम वे पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थे। उनके साथ महिला कांस्टेबल भी थीं। ई-रिक्शा चालक सीटी बजा रहा था और महिला कांस्टेबलों पर इशारा करते हुए अभद्र टिप्पणी कर रहा था। अब वह मामले को दूसरा रूप देने का प्रयास कर रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी बलिराम कुमार चौधरी ने एसडीपीओ को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया। रिपोर्ट के आधार पर थानेदार को निलंबित कर दिया गया। एसपी ने कहा कि कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है।

# ताजमहल के पास गोलीबारी करने वाला बीजेपी नेता भेजा गया जेल, पुलिस से बोला- मन किया इसलिए कर दिया फायर



**आगरा, 02 जुलाई [एजेंसी]।**

ताजमहल की पश्चिमी गेट पार्किंग के पास यलो जोन के बैरियर से लौटाए जाने पर सुबह हवाई फायरिंग कर सनसनी फैलाने वाले आजमगढ़ के भाजपा नेता और एलआईसी एजेंट पंकज कुमार सिंह को पुलिस ने जेल भेज दिया। फायरिंग कर पुलिस को चकमा देकर किराए की दूसरी कार से भागे आरोपित को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर आगरा पुलिस को सौंपा था। उसके पास से इस्तेमाल की गई लाइसेंसी रिवाल्वर और तीन कारतूस के खोखे भी पुलिस ने बरामद किए हैं। पूछताछ में उसने बताया कि उसका मन किया, इसलिए फायरिंग की थी। वहीं हिरासत में लिए गए दो कार चालकों में से एक को पुलिस ने प्रारंभिक जांच में क्लीनचिट दे दी है। मथुरा से कार लेकर आए चालक को पुलिस ने गाली-गलौज का आरोपित बनाया है।

ताजमहल की पश्चिमी गेट पार्किंग के पास सोमवार सुबह 9.15 बजे मथुरा नंबर की अर्टिगा कार से पहुंचे आजमगढ़ के बलरामपुर निवासी पंकज कुमार सिंह ने खुद को भारत सरकार का अधिकारी बताकर ताजमहल गेट तक गाड़ी पहुंचाने को कहा । पुलिस के वहां से लौटाने पर पंकज ने लाइसेंसी रिवाल्वर से तीन हवाई फायर कर सनसनी फैला दी थी। आरोपित पंकज रामबाग से दूसरी कार लेकर निकल गया था। सीसीटीवी फुटेज से मिली कार की तस्वीर के सहारे वृंदावन के चालक तक पहुंची आगरा पुलिस ने लखनऊ पुलिस की मदद से सात घंटे में ही उसे मानक नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। देर रात पुलिस टीम उसे लखनऊ से लेकर यहां पहुंची।पंकज आजमगढ़ में भाजपा में जिला उपाध्यक्ष रहा है और अन्य पदों पर भी रहा है।डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि इस मामले में ताज सुरक्षा में तैनात सब इंस्पेक्टर राजन सिंह की ओर से हवाई फायरिंग व गाली गलौज की धारा में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मुकदमे में पंकज सिंह का नाम प्रकाश में आ गया। सोमवार रात को लखनऊ से लाने के बाद उससे पूछताछ की गई तो उसने फायरिंग की कोई स्पष्ट वजह नहीं बताई। उसका कहना था कि मन किया इसलिए फायरिंग कर दी थी। उससे कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बनी रिवाल्वर और तीन कारतूस के खोखे बरामद कर लिए।पुलिस ने मेडिकल के बाद मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे स्पेशल सीजेएम की कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। वृंदावन से वह जिस अर्टिगा कार से ताजमहल पहुंचा था उसके चालक मथुरा के देवपुरा निवासी नंदलाल को गाली गलौज का आरोपित माना है और लखनऊ में पकड़े गए दूसरे चालक योगेश चौहान का प्रारंभिक जांच में उनका कोई दोष नहीं पाया गया है। आरोपित के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण को रिपोर्ट आजमगढ़ भेजी जा रही है। पंकज आजमगढ़ से दो दिन पूर्व परिवार के साथ वृंदावन में पहुंचा था। सोमवार को पत्नी और बच्चों को वृंदावन में ही छोड़कर वह किराए की कार से आगरा आ गया। शाम को वृंदावन से पंकज की पत्नी और भाई थाना ताजगंज पहुंच गए। उन्होंने उसे मानसिक रोगी बताया। 2003 में लखनऊ में नूर मंजिल साइक्याट्रिक अस्पताल में उपचार के पर्चे भी दिखाए। पुलिस का कहना है कि वर्तमान में उपचार के कोई कागज नहीं दिखा सके।

# कैजुअल कपड़ों के साथ इन 5 फुटवियर्स को पहनें, लगेंगी सबसे ज्यादा खूबसूरत

**आजकल के लोग फैशन के साथ-साथ आराम पर भी ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। यही वजह है कि रोजमर्रा के उपयोग के लिए कपड़े और फुटवियर्स का चलन बढ़ता जा रहा है। कैजुअल कपड़ों के साथ सही फुटवियर्स चुनना बहुत जरूरी है ताकि आपका लुक पूरा हो सके। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर्स के बारे में बताएंगे, जो आपके कैजुअल लुक को और भी खास बना सकते हैं।**



**स्नीकर्स**

स्नीकर्स एक ऐसा जूता है, जो किसी भी रोजमर्रा के कपड़े के साथ अच्छे से मेल खाता है। ये न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखते हैं। स्नीकर्स को आप जींस, लोअर या यहां तक कि कुर्ते के साथ भी पहन सकती हैं। ये आपके लुक को न केवल आकर्षक बनाते हैं बल्कि पूरे दिन आराम भी देते हैं। इसलिए अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए कुछ चुनने जा रही हैं तो स्नीकर्स पर ध्यान दें।

**फ्लैट सैंडल्स**

फ्लैट सैंडल्स गर्मियों में सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये पैरों को हवा लगने देते हैं और चलने में कोई दिक्कत नहीं होती है। इन्हें आप किसी भी तरह की रोजमर्रा की पोशाक के साथ पहन सकती हैं जैसे कि ड्रेस, जींस या लोअर। फ्लैट सैंडल्स आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होते हैं, जिससे आपका लुक खास बनता है। इनका चयन करते समय अपने आराम और स्टाइल पर ध्यान दें।

**लोफर्स**

लोफर्स एक ऐसा जूता है, जो किसी भी तरह की रोजमर्रा की पोशाक के साथ अच्छे से मेल खाता है। ये न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखते हैं। लोफर्स को आप जींस, लोअर या यहां तक कि कुर्ते के साथ भी पहन सकती हैं। इनका चयन करते समय अपने आराम और स्टाइल पर ध्यान दें ताकि आप पूरे दिन बिना किसी परेशानी के इन्हें पहन सकें।

**एंकल बूट्स**

एंकल बूट्स सर्दियों में सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये पैरों को गर्म रखते हैं और ठंड से बचाते हैं। इन्हें आप किसी भी तरह की रोजमर्रा की पोशाक जैसे कि ड्रेस, जींस या लोअर आदि के साथ पहन सकती हैं। एंकल बूट्स स्टाइलिश होने के साथ-साथ आरामदायक भी होते हैं, जिससे आपका लुक खास बनता है। इनका चयन करते समय अपने आराम और स्टाइल पर ध्यान दें।

**फ्लैट बेली**

फ्लैट बेली गर्मियों में सबसे अच्छा विकल्प होता है क्योंकि ये पैरों को हवा लगने देते हैं और चलने में कोई दिक्कत नहीं होती। इन्हें आप किसी भी तरह की रोजमर्रा की पोशाक जैसे कि ड्रेस, जींस या लोअर आदि के साथ पहन सकती हैं। फ्लैट बेली स्टाइलिश होने के साथ-साथ आरामदायक भी होते हैं, जिससे आपका लुक खास बनता है। इनका चयन करते समय अपने आराम और स्टाइल पर ध्यान दें।



## पलक तिवारी ने मॉरिशस वेकेशन से शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस हुए दीवाने

एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश अंदाज़ से एक बार फिर सुर्खियों में हैं. पलक ने हाल ही में मॉरिशस वेकेशन से अपनी कुछ बेहद स्टनिंग तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं. पलक ने अपने वेकेशन एल्बम में पिंक और पर्पल क्रोशिया बिकिनी सेट में फोटो शेयर की हैं. खुले बाल, सटल मेकअप और बीच बैकग्राउंड के साथ उनका ये बोल्ड अवतार इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है. पलक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, पी.टी. में मॉरीशस ङ्क एक एल्बम और कुछ ही घंटों में तस्वीरों पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स की बरसात हो गई. फैंस ने उनकी तस्वीरों पर गॉर्जियस, स्टनिंग जैसे कमेंट्स किए और हार्ट व फायर इमोजी से कमेंट सेक्शन भर दिया.पलक तिवारी का ये बीच लुक एक बार फिर यह साबित करता है कि वह सिर्फ एक्टिंग में ही नहीं, बल्कि फैशन और स्टाइल के मामले में भी यूथ आइकन बन चुकी हैं. उनके इस वेकेशन लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस अब उनकी अगली पोस्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.



## एक नई भाषा में काम करना मेरे लिए चुनौती थी, तमिल डेब्यू पर बोलीं मिथिला पालकर

अभिनेत्री मिथिला पालकर फिल्म ओहो एंथन बेबी के साथ तमिल फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नई भाषा में प्रदर्शन करना उनके लिए एक ऐसा चुनौती थी, जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं था। मिथिला ने बताया कि एक अभिनेत्री के तौर पर वह हमेशा ऐसी चीजें करने की कोशिश करती हैं, जो उन्हें कम्फर्ट जोन से बाहर ले जाए। उन्होंने कहा, यह मुझे न केवल पेशेवर रूप से बल्कि व्यक्तिगत रूप में आगे बढ़ने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि एक नई भाषा सीखना और उसमें अभिनय करना उनके लिए एक ऐसी चुनौती थी, जिसके बारे में उन्होंने पहले कभी नहीं सोचा था। लिटिल थिंग्स, कारवां और चॉपस्टिक्स के लिए मशहूर मिथिला ने कहा कि उन्हें अब तक हिंदी और मराठी में ही काम करने का मौका मिला था। बता दें कि तमिल फिल्म ओहो एंथन बेबी में मिथिला के अगेंस्ट रुद्र मुख्य भूमिका में रहेंगे। फिल्म का पहला पोस्टर मई में रिलीज किया गया था। पोस्टर में अभिनेत्री लाल रंग की ड्रेस पहने नीचे बैठे अभिनेता रुद्र द्वारा पकड़े गए कैमरे के सामने पोज देती दिखाई दे रही हैं। कृष्णकुमार रामकुमार द्वारा निर्देशित रोमांटिक-कॉमेडी ओहो एंथन बेबी में दर्शकों को प्यार और रिश्तों पर एक नया और अनोखा नजरिया देखने को मिलेगा। मिथिला ने ओहो एंथन बेबी की शूटिंग पूरी करने के बारे में कहा, यह यात्रा वास्तव में मेरे लिए खास रही है, न केवल इसलिए कि यह मेरी पहली तमिल फिल्म है, बल्कि इसलिए भी कि मुझे उन अविश्वसनीय लोगों के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, तमिल में लाइनें सीखना भले ही मेरे लिए एक चुनौती थी, लेकिन मैंने इसमें हर पल का भरपूर आनंद लिया। मेरे सह-कलाकार रुद्र, मेरे निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार और पूरी कास्ट और क्रू ने मेरा अच्छे से स्वागत किया और मुझे बिल्कुल घर जैसा महसूस कराया।

# बिना प्रेस के भी दूर हो सकती हैं कपड़ों की सिलवटें, आजमाकर देखें ये तरीके

कपड़े धोने के बाद उन पर सिलवटें पड़ना लाजमी होता है। हालांकि, ऐसे कपड़ों को पहनकर घर से बाहर जाना संभव नहीं होता। सिलवटों वाले कपड़े पहनने पर लोग आपको गंभीरता से नहीं लेंगे और एक बुरा प्रभाव भी पड़ेगा। अगर, आप किसी ऐसे स्थान पर हैं, जहां प्रेस उपलब्ध नहीं है तो घबराएं नहीं। आप इन घरेलू नुस्खों और फैशन टिप्स का पालन करके इस्त्री का इस्तेमाल किए बिना भी अपने कपड़ों से सिलवटें हटा सकते हैं।



**हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करें**

अगर आपके पास प्रेस नहीं है तो आप हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करके भी कपड़ों को प्रेस कर सकते हैं। इसके लिए कपड़ों को हल्का-सा गीला कर लें। अब ड्रायर का तापमान कम करें और कपड़े पर घुमाते हुए झुर्रियों को दूर करें। इस दौरान ध्यान रखें कि ड्रायर कपड़े से 2 से 3 इंच दूर हो। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपका कपड़ा जल भी सकता है या उस पर दाग पड़ सकते हैं।

**गीले कपड़े और भारी वस्तु का उपयोग करें**

इस्त्री के बिना कपड़ों को प्रेस करने के लिए आप उन्हें गीला भी कर सकते हैं। कपड़ों को समतल सतह पर रखें और एक साफ कपड़े को गीला करके सिलवटों के ऊपर रखें। इसके बाद गीले कपड़े के ऊपर किताब या डिब्बे आदि जैसी कोई भारी वस्तु रख दें। सिलवटों को समतल करने के लिए इसे कुछ देर के लिए रखा रहने दें। इससे थोड़ी-ही देर के बाद सिलवटें दूर हो जाएंगी।



**भांप दें**

कपड़ों की सिलवटें दूर करने के लिए केवल प्रेस ही नहीं, बल्कि स्टीम आयरन भी उपयोग आ सकती है। इस उपकरण से भांप निकलती है, जिससे सिलवटों को दूर किया जा सकता है। अगर आपके पास यह न हो तो भी आप कपड़ों में भांप लगा सकते हैं। जब आप गर्म पानी से नहा रहे हों तो कपड़ों को बाथरूम में टांग दें। इससे सिलवटें ढीली हो जाती हैं, जिससे उन्हें हाथों से या खींचकर दूर किया जा सकता है।

**जोर-जोर से हिलाएं**

अगर आपके पास बहुत कम समय है तो आप हवा में कपड़े को सुखा सकते हैं। इसके लिए कपड़े को गीला कर लें और किसी ऐसी जगह पर खड़े हो जाएं जहां हवा हो। अब कपड़े को एक ओर से खुद पकड़ें और दूसरी ओर से किसी और को पकड़ा दें। उसे जोर-जोर से झटकते हुए हिलाएं। यह तरीका साड़ी, सूट और शॉल आदि को सुखाने के लिए सबसे कारगर होता है।

## बिग बॉस फेम गौतम कृष्णा की सोलो बॉय का रिलीज डेट आउट, 4 जुलाई को देगी दस्तक



बिग बॉस शो से लोकप्रियता हासिल करने वाले युवा और उभरते सितारे गौतम कृष्णा अपनी आगामी रोमांटिक एंटरटेनर सोलो बॉय के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पी. नवीन कुमार द्वारा निर्देशित और सेवन हिल्स प्रोडक्शंस के बैनर तले सेवन हिल्स सतीश कुमार द्वारा निर्मित इस फिल्म में श्वेता अवस्थी और राम्या पसुपुलेटी मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म में पोसानी कृष्ण मुरली, अनीता चौधरी, अरुण कुमार, आरके मामा, शफी, डॉ. भद्रम सहित अन्य प्रतिभाशाली सहायक कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

सोलो बॉय के पहले पोस्टर और गानों ने पहले ही सिने प्रेमियों के बीच हलचल मचा दी है। हाल ही में रिलीज़ हुए पोस्टर में गौतम और राम्या पसुपुलेटी रोमांटिक कॉलेज बैकड्रॉप में नज़र आ रहे हैं, जिसने ख़ास तौर पर युवाओं का ध्यान खींचा है, जिससे फ़िल्म के प्रति लोगों में काफ़ी उत्सुकता है।

युवा कहानी, रोमांटिक वाइब और मनोरंजन की भरपूर खुराक के साथ, सोलो बॉय दर्शकों को पूरी तरह से आकर्षित करने के लिए तैयार है। आकाश वीधुल्लो में अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित करने के बाद, गौतम अब इस नए शो के साथ उस जादू को फिर से बनाने के लिए तैयार हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 096

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 095 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू- दोकू क्र.096

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 095 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |







# अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग कर भूमिगत खदानों से उत्पादन बढ़ाना लक्ष्य:दुबे

## वर्ष 2030 तक एसईसीएल की भूमिगत खदानों से 100 मिलियन टन उत्पादन करने में मिलेगी सफलता

**कोरिया बैकुंठपुर।** एसईसीएल दौरे के दूसरे दिन भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे 01 जुलाई 2025 को अपने दो दिवसीय एसईसीएल प्रवास के दूसरे दिन बैकुंठपुर क्षेत्र पहुँचे। दौरे के दौरान मंत्रीजी द्वारा वीसी के माध्यम से एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की एनसीपीएच माईन में नए कंटीन्यूअस माईनर का शुभारंभ किया गया और हरी झंडी दिखाकर मशीन को रवाना किया गया।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि कोयला मंत्रालय नई एवं अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से भूमिगत खदानों से उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। वर्ष 2030 तक भूमिगत खदानों से 100 मिलियन टन उत्पादन करने का हमारा लक्ष्य है। इसके लिए हम ज़्यादा से ज़्यादा खदानों में कंटीन्यूअस माईनर जैसी तकनीक के इस्तेमाल को बल दे रहे हैं। एसईसीएल में आज इस नए लो हाइट कंटीन्यूअस माईनर के शुरू होने निश्चित रूप से कंपनी के भूमिगत उत्पादन को मज़बूती मिलेगी। श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दशक में देश में हर घर में बिजली पहुँची है और इसमें आप सभी कोयला खनिकों का महत्वपूर्ण योगदान है. आज कोयला उद्योग में महिलाऐं भी पुरुषों के साथ कंधे-से कन्धा मिलकर काम कर रहें हैं और अपनी नई पहचान बना रही हैं। उनके आगमन पर क्षेत्रीय प्रबंधन एवं जिला प्रशासन द्वारा पारंपरिक सैला नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया गया। दौरे की शुरुआत में मंत्री श्री दुबे ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत चरचा खदान परिसर में वृक्षारोपण किया। इसके पश्चात उन्होंने चरचा माइन्स में पंखाघर का उद्घाटन किया। यह नया पंखाघर खदान के एलवीसी यानी लास्ट वेंटिलेशन कनेक्शन तक स्वच्छ वायु के प्रवाह को सुनिश्चित करेगा जिससे श्रमिकों को बेहतर कार्य परिस्थितियाँ मिलेंगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और अहम पहल करते हुए मंत्री श्री दुबे ने खदान में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए बायो-टॉयलेट का उद्घाटन किया। इसके उपरांत एक समारोह में मंत्रीजी द्वारा क्षेत्र के उत्कृष्ट कर्मचारियों, विशेषकर महिला कर्मियों एवं ठेका श्रमिकों को सम्मानित किया गया, जिससे कर्मियों का उत्साहवर्धन हुआ। इस अवसर पर एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन, निदेशक (तकनीकी - संचालन सह योजना/परियोजना) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, सीवीओ हिमांशु जैन, बैकुंठपुर क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े, जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी (आईएएस), जिला एसपी रवि कुमार कुर्रे, भापुसे एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## धरती आबा शिविरों में जनजाति समुदाय के लोगों के चेहरे में आई रौनक

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में चल रहे धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत अब तक 462 जनजाति परिवारों को मनरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड जारी किए गए हैं, जिससे उन्हें अपने ही गांव में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी मिल रही है। इससे आदिवासी समुदाय के चेहरे पर उम्मीद, रौनक और आत्मनिर्भरता की मुस्कान देखने को मिल रही है।

इन लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा जनजाति समाज को आगे बढ़ाने, रोजगार मुहैया कराने, विकास के मुख्यधारा में शामिल करने और बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में यह अभियान लाभदायक हो रहा है।बता दें कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिलेभर में इस अभियान को सेचुरेशन मोड में चलाया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र हितग्राही जनहितकारी योजनाओं से वंचित न रहे। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि धरती आबा अभियान का मुख्य उद्देश्य जनहितकारी योजनाओं में शत-प्रतिशत पात्रता सुनिश्चित करना है। मनरेगा योजना आजीविका विकास का एक सशक्त माध्यम है और प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र जनजाति इस योजना से जुड़कर अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सके। शिविरों में पहुंचने वाले कई युवा कार्ड प्राप्त कर सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिंचवाते नजर आए, जो उनके आत्मविश्वास और जागरूकता का प्रतीक है। ग्रामीणों ने बताया कि अब खेती के बाद खाली समय में उन्हें रोजगार की चिंता नहीं रहेगी। मनरेगा योजना के तहत अब तक बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत में 434 तथा सोनहत जनपद पंचायत में 28 जॉब कार्ड बनाकर प्रदान किए गए हैं।ग्राम पंचायत अकलासरई के हितग्राही सुदर्शन, शोभा, दीपू, कुलदीप और रामवती ने बताया कि उन्हें धरती आबा शिविर में ही तुरंत जॉब कार्ड मिल गया, जिससे अब अपने गांव में ही काम कर पाएंगे। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के लिए घर-घर सर्वे और जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रोजगार सहायक और मेटों के सहयोग से जॉब कार्ड बनाने में शत-प्रतिशत सफलता मिली है।

## गागर नदी में फंसे तीन बच्चों को सुरक्षित निकाला गया

**बलरामपुर।** जिले में लगातार हो रही तेज बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। इस बीच राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गागर नदी में जलस्तर अचानक बढ़ जाने से तीन बच्चे बीच नदी में फंस गए। तीन बच्चे मछली पकड़ने के इरादे से नदी की ओर गए थे। तभी तेज बारिश के कारण नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे वे बच्चे बीच धारा में फंस गए। स्थिति गंभीर होती देख ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचना दी। हालांकि कुछ घंटों बाद पानी का बहाव थोड़ा कम हुआ, जिससे राहत दल ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रशासन ने बरसात के दौरान नदी-नालों के पास न जाने की अपील की है।

## पीएम सूर्यघर से उपभोक्ताओं को होने लगी पैसे की बचत



**कोरिया बैकुंठपुर।** कभी सपने में नहीं सोचा था खुद के घर में बिजली पैदा होगी, लेकिन यथार्थ है और इस कल्पना को साकार किसी ने किया है तो देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्षिता प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की अहम निर्णय ने।' यह बातें साझा की कोरिया जिले के पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थियों ने।

छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में भी प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की शुरूआत हो चुकी है। सैकड़ों लोग रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थियों ग्राम ओड़गी निवासी सुरेश बाबू शर्मा और हर्रापारा निवासी शिवशंकर साहू ने बताया कि पीएम सूर्यघर योजना के बारे में उन्हें समाचार पत्रों, सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली। इन्होंने बताया कि इस बारे में स्थानीय बिजली ऑफिस में संपर्क किया और बैंक से लोन लेकर सोलर पैनल स्थापित कराया। श्री शर्मा एवं श्री साहू ने बताया कि तीन किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाने के लिए 6.5 प्रतिशत की दर से बैंक से ऋण प्राप्त किया है। इन लाभार्थियों ने बताया कि केंद्र सरकार से मिलने वाली 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी समय पर प्राप्त हो गई है। उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में छत्तीसगढ़ सरकार 30 हजार रुपए तक का अतिरिक्त अनुदान देने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत स्थापित सोलर रूफ-टॉप संयंत्र विद्युत ग्रिड से नेट मीटरिंग के माध्यम से जोड़ा जाता है। योजना के अंतर्गत एक किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र सरकार से 30 हजार रुपए और राज्य सरकार से 15 हजार रुपए यानि कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी मिलती है। दो किलो वॉट पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपए और राज्य सरकार से 30 हजार रुपए तथा तीन किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित करने पर केंद्र सरकार से 78 हजार रुपए और राज्य सरकार से 30 हजार रुपए यानि कुल एक लाख आठ हजार रुपए का अनुदान प्राप्त होगा। इन लाभार्थियों ने बताया कि अब इस योजना से उन्हें आर्थिक बचत होगी साथ ही हाफ बिजली से शून्य बिजली की ओर बढ़ेंगे। इन दोनों उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कभी कल्पना नहीं किए थे कि उनके घर में ही बिजली पैदा होगी, लेकिन सच यही है।

## नाबालिक से बलात्कार के आरोपी को 20 वर्ष की सजा सुनाई गई

**बलरामपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट में विद्वान न्यायाधीश शुभ्रा पचौरी के द्वारा राजपुर थाना में अभियुक्त बबलू सोनवानी एवं अन्य आरोपियों के के विरुद्ध धारा 363, 376,(2)(ढ) भारतीय दंड संहिता एवं धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत मामला पंजीबद किया गया था। जिसमें उनके द्वारा दोनों पक्षों की दलिल सुनते हुए फैसला सुनाते हुए आरोपी बबलू सोनवानी पिता स्व प्रेम साय सोनवानी उम्र 24 वर्ष ग्राम पुरुषोत्तमपुर थाना धौरपुर को पॉक्सो एक्ट की धारा में 20 वर्ष की सश्रम कारावास एवं 20000 अर्थदंड की सजा सुनाई सुनाई गई। वही मामले के एक अन्य आरोपी तुलसी शर्मा को इसी मामले में दो वर्ष की सजा सुनाई गई। राजपुर थाना में नाबालिक पीड़िता के पिता के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कराया गया कि पीड़िता अपने घर से अपने दादा के यहां मेहमानी 8.6.2022 को गई थी। इसी दौरान दोपहर 2:00 बजे घर में किसी को बीते बिना कहीं चली गई उसके पश्चात पीड़िता को अपने रिश्तेदार किया खोजबीन की गई किंतु पिता का पता नहीं चला। इसके बाद राजपुर थाने में सूचना दी गई।

## टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र बनकर आगे आए जनप्रतिनिधि और बैंक




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े द्वारा बैकुंठपुर विकासखंड के 5 टीबी मरीजों को गोद लेकर, छह माह तक पोषण आहार देने की जिम्मेदारी ली गई। श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि वे स्वयं पूर्व में टीबी की मरीज रही हैं, इसलिए मरीजों की पीड़ा को समझती हैं और सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगी। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक बैकुंठपुर द्वारा भी 5 टीबी मरीजों का पोषण आहार सुनिश्चित करते हुए निक्षय मित्र की भूमिका निभाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि जिले में वर्तमान में 107 टीबी मरीज उपचाररत हैं, जिन्हें नियमित दवा के साथ पोषण आहार की आवश्यकता है। टीबी का उपचार और जांच पूर्णत: नि:शुल्क है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, जिला क्षय अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अस्पताल के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय में प्रवेश हेतु वांछित दस्तावेज आवश्यक

**सूरजपुर।** जिले अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग का आयोजन 16,17 एवं 19 मई तथा द्वितीय काउंसलिंग का आयोजन 4 जून एवं 6 जून को किया गया था। पुन: काउंसिलिंग में अनुपस्थित छात्रों को अंतिम अवसर प्रदान करने हुए 24 जून को काउंसलिंग उपरांत राज्य स्तर से प्राप्त मेरिट क्रम अनुसार विद्यालय आबंटन की सूची जिले के वेबसाईट httpÑ//surajpur. nic.in/ पर एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरजपुर तथा जिले के एकलव्य विद्यालयों के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

## छात्रावास/आश्रम में स्वच्छता, स्वास्थ्य व सुरक्षा के हो पुख्ता इंतजाम:कलेक्टर

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त को छात्रावास/आश्रम में स्वच्छता, स्वास्थ्य व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। बच्चों को संतुलित, स्वच्छ, पौष्टिक भोजन व शुद्ध पेयजल दिया जाए इस हेतु संबंधित को रेगुलर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के नियमित चेकअप के निर्देश दिए व बीमारी की स्थिति में तुरंत चिकित्सक सेवा उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने छात्रावासों / आश्रमों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये विशेष फोकस करने की बात कही। उन्होंने छात्रावास/ आश्रम की दीवारों पर महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रदर्शन के निर्देश भी दिए गये । उन्होंने मौसमी बीमारियों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने की बात कही ।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों को मौसमी बीमारियों के संबंध में आवश्यक तैयारी करने व दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डायरिया, डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया से बचाव ही सावधानी है।

## पत्रकारों के विभिन्न संगठन पत्रकार हित में हुए एकजुट

### पत्रकार भवन में लिए गए कई अहम निर्णय




**कोरिया बैकुंठपुर।** लोकतांत्रिक देश में व्यवस्थापिका, कार्यपालिका न्यायपालिका के बाद सबसे अहम स्तंभ है लोकतंत्र का चौथा स्तंभ प्रेस और पत्रकारिता । जनसरोकार और निष्पक्षता के साथ क्रियाशील पत्रकारिता जो पैनी नज़र रखे शासन प्रशासन के साथ जनता के बीच के सटीक धुरी बने। इसकी स्वतंत्रता का हनन ना हो और अव्यवस्था पर कलम चले और शासन जागरूक हो उक्ताशय के विचार वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा ने पत्रकार भवन में आयोजित बैठक में व्यक्त किए।

विदित हो कि स्थानीय पत्रकार भवन में विभिन्न संगठनों के वरिष्ठ पत्रकार,संपादकगण की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई कार्यक्रम की रूपरेखा पर पत्रकार योगेश चंद्रा ने प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सब एक है, और आज यहां कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लेने उपस्थित हुए है पत्रकार हित ही हमारा उद्देश्य है पत्रकार को अवसर की समता का लाभ हो और वह सुरक्षित जीवन जिए। बैठक में प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ संपादक कमलेश शर्मा ने कहा कि पत्रकार जनता और तंत्र को चलायमान करने वाले प्रत्येक इकाई की धुरी है, अगर यह वर्ग नही हो तो सूचनाओं, योजनाओं और जनता की आवाज कौन उठाएगा इसलिए इनका उचित सम्मान इन्हे मिलना जरूरी है। जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के अध्यक्ष प्रविंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकार के लिए जरूरी है वह अपने कलम का सार्थक उपयोग करे। समस्याओं को दिखाए जनहित की पत्रकारिता को प्रेरित हो इसके साथ ही शासन के बढ़िया कार्य जो जमीनी स्तर पर हुए है उसे भी स्थान दें। कभी कभी ऐसी घटनाए सामने आती है जो पत्रकारों को लेकर जो हृदय विदारक हो जाती है अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर दबाने के लिए कई हथकंडे अपना लिए जाते है इसलिए पत्रकार सुरक्षा अत्यधिक जरूरी है। संपादक दुष्यंत कुमार ने कहा कि पत्रकार अपने जान को जोखिम में डालकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते है। निष्पक्ष पत्रकारिता और जनसरोकार की पत्रकारिता करने वालो के लिए कई चुनौतियां है उन्होंने पत्रकार हित और एकता पर बल दिया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ फारुख ढेबर ने कहा कि पत्रकार के लिए सबसे जरूरी है रोजमर्रा की जिंदगी में समाचार के साथ साथ आय का सुगम साधन की उपलब्धता यह सुनिश्चित होना जरूरी है। पत्रकार मनोज सिंह ने कहा कि पत्रकार हित को लेकर योजना बने, बैठक का समय समय पर आयोजन हो और निर्णयों का सही क्रियान्वयन हो। वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण विभूति तिवारी ने कहा कि पत्रकार अपना कार्य कर रहा है लेकिन उसका उचित मानदेय उसे प्राप्त नही होता वह अपना पूरा समय निकालकर केवल जनता को सूचना पहुंचाने का कार्य करता है उसके लिए भी सोचना जरूरी है जो अमूमन होता नही है। पत्रकार राजन पांडे ने कहा कि पत्रकारों के हित में केवल बात नही कार्य होना जरूरी है। उसके संघर्ष को समझना जरूरी है,उसके दिनचर्या को समझिए कि वह कैसे ग्राम ,जंगल, शहर, आदि स्थानों में मौसम की मार कभी भूखे प्यासे कभी जान को जोखिम में डालकर पत्रकारिता करता है उसके लिए बने नियम क्रियाशील नही है जो बहुत जरूरी है। पत्रकार कमालुद्दीन ने कहा कि संगठन भले कई है लेकिन सब एकता के सूत्र में बंधे और एक संघटन को लेकर आगे बढ़े। इसी तरह अजीम अंसारी ने कहा कि यह बहुत सुंदर समायोजन है कि सभी यहां उपस्थित है। सभी निर्णय लेकर इस वर्ग के हितबद्ध कार्य करें। अमित श्रीवास्तव ने कहा कि जरूरी है कि बैठक में जो बाते पत्रकार हित में आई है वह सार्थक हो और उस पर कार्य हो।युवा पत्रकार राजू खान ने कहा कि पत्रकारों के साथ अन्याय और कही कही मुंहदेखी हो जाती है यह नही होनी चाहिए लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कार्यशील है सभी अपने अपने जगह उचित दायित्व का निर्वहन करते है। युवा पत्रकार शाहबाज आलम ने कहा कि इस फील्ड में कुछ दुक्कते आती है जो सार्थक लोग है भवन में उनका नाम और बैनर डिस्प्ले होना चाहिए ताकि अन्य को जानकारी मिले।कार्यक्रम में संवर्त कुमार 'रूप' ने कहा कि 'पत्रकार को विचारों में एक होना आवश्यक है, जर्नलिज्म अर्थात दैनिक कार्यों का लेखा जोखा को प्रदर्शित करना और यह बड़ी भूमिका लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को निभानी है। पत्रकारिता के कई आयाम है ग्रामीण, शहरी, कारपोरेट, खेल, राजनीति, शासन प्रशासन, पेज थ्री, और बचा तो पीत आदि प्रत्येक आयाम में जरूरत है आपका ककारों में पकड़, आपकी शैली आपकी भाषा आपका मुख्य बिंदु और आपका प्रदर्शन। कॉपी पेस्ट में ना लड़कर थोड़ा मेहनत की जरूरत है इससे आपका समाचार श्रेष्ठ होगा और आपका बैनर फिर आपको वह मिलेगा जिसके आप अभिलाषी है।उन्होंने आगे कहा कि आज हमारे वरिष्ठ जन कनिष्ठ जन सब एक साथ है यही दृश्य सदैव दिखना चाहिए केवल दलगत और स्वार्थ से परे तभी एकता सुनिश्चित होगी। आभार प्रदर्शन करते हुए बैठक के संयोजक अनूप बड़ेरिया ने कहा कि आप सभी कलम के जादुगर है सिपाही हैं। और अपने अपने जगह पर सजग है क्रियाशील है। आप सबने अपना अमूल्य समय इस महत्वपूर्ण बैठक में दिया है। आपको बता दें उक्त बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमे पत्रकारों हेतु आवास निर्माण हेतु भूमि आवंटन को लेकर पंजीकृत सोसाइटी का गठन करना,पत्रकार भवन में 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम का आयोजन हो जिसमे मंत्री,विधायक और आधिकारी सम्मिलित हो उचित सम्मान पत्रकार को मिले, पत्रकार भवन के कुछ हिस्सों को भाजपा कार्यकाय हेतु किराए पर दिया जाना ताकि आय का साधन पत्रकारहित में सुनिश्चित हो,पत्रकार भवन के संचालन और निर्णय के लिए एक संचालन समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विनोद शर्मा, कमलेश शर्मा,फारुख ढेबर, दुष्यंत कुमार,अनूप बड़ेरिया,योगेश चंद्रा कृष्ण विभूति तिवारी,अमित श्रीवास्तव, संवर्त कुमार रूप राजन पांडे,मनोज सिंह, अजीम अंसारी,कमालुद्दीन, तीराजुद्दीन राजू खान,अजय गुप्ता, अजय रजक,अनवर आलम सिद्दीकी, मो शाहबाज आलम, लाल दास महंत कल्ला सहित कई पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## सलका और सलवा क्षेत्र में साल के जंगलों के संरक्षण पर दिया जा रहा जोर, ग्रामीण करेंगे सहयोग



**कोरिया/बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के समीप स्थित ग्राम पंचायत सलका, सलवा के समीप शासन प्रशासन के द्वारा जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। बावजूद इसके योजनाएं धरी की धरी रह जाती हैं। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के पूर्व कलेक्टर अमीर अली के द्वारा लगभग 50 एकड़ राजस्व की जमीन में वृक्षारोपण करवाया गया। इस वृक्षारोपण से आम आदमी को कोई फायदा नजर नहीं आ रहा है ऊपर से भालू का डेरा बनकर रह गया है। इसी प्रकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा जिला स्तरीय स्टेडियम का निर्माण लगभग 5 करोड़ की लागत से कराई गई लेकिन स्टेडियम खंडहर में तब्दील होता नजर आ रहा है। इस स्टेडियम से कोई फायदा तो नजर नहीं आ रहा है। इस स्टेडियम में ग्रामीणों के द्वारा पशु बांधने का काम कर रहे हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सलका सलवा के बीचो बीच लगभग 200 - 250 हेक्टेयर राजस्व की जमीन जिसमें विशुद्ध रूप से साल के पेड़ लगे हुए हैं। लेकिन ग्रामीणों के द्वारा कटाई कर देने से ठूठ में तब्दील हो जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार यह भूमि राजस्व की है इसलिए वन विभाग इसमें कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यह प्राकृतिक साल की जंगल भूमि आज संकट के दौर से गुजर रही है। यह पूरा क्षेत्र राजस्व विभाग के अधीन है। और वर्षों से यहां प्राकृतिक रूप से साल वृक्षों का विस्तार हुआ है। यह वन क्षेत्र न केवल पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि ग्रामीणों के लिए जलवायु संतुलन और पारिस्थितिकी तंत्र का भी आधार है।

स्थानीय लोगों एवं पर्यावरण प्रेमियों की चिंता का मुख्य कारण यह है कि इस जंगल की सुरक्षा और देखरेख का कोई स्थायी प्रबंध नहीं है। राजस्व भूमि होने के कारण वन विभाग की सीधी निगरानी से यह क्षेत्र बाहर है, जिसके कारण यहां पर अतिक्रमण और अवैध कटाई की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ग्रामीणों द्वारा जलाऊ लकड़ी एवं निजी उपयोग हेतु पेड़ों की कटाई खुलेआम की जा रही है, जिससे धीरे-धीरे जंगल की हरियाली समाप्त हो रही है।

जानकारों का कहना है कि साल वृक्ष का प्राकृतिक रूप से उगना इस क्षेत्र की जैव विविधता के लिए अनमोल धरोहर है। साल के जंगल वर्षा जल संचयन में सहायक होते हैं और मिट्टी के कटाव को भी रोकते हैं। इसके अलावा, यह वन्य जीवों का भी प्राकृतिक आवास है। यदि इस क्षेत्र को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में यह पूरी हरित संपदा समाप्त हो सकती है।

स्थानीय पर्यावरण कार्यकर्ता अनिरुद्ध सिंह चौहान, शिक्षक रंजीत सिंह, राम प्रताप सिंह चिकनजूरी, कुंदन विश्वकर्मा, सुशील सिंह, विवेक सिंह, एवं जागरूक ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि वन विभाग और राजस्व विभाग मिलकर संयुक्त प्रयास करें। सबसे पहले इस क्षेत्र की सीमांकन कर इसे संरक्षित वन क्षेत्र घोषित किया जाए ताकि इसकी सुरक्षा का जिम्मा वन विभाग को सौंपा जा सके। इसके साथ ही, क्षेत्र में वन रक्षक तैनात कर अवैध कटाई पर रोक लगाई जा सके।

# झारखंड से आ रही यात्री बस हाइवे पर खड़े ट्रेलर से टकराई, कई जख्मी

### पांच घंटे की मेहनत से निकाला सीट में फंसे व्यक्ति को

**कोरबा।** सड़क दुर्घटना में कामिलने के लिए लगातार हो रही कोशिश और कई प्रकार के दावों के बावजूद हादसों का होना जारी है। पिछली रात बिलासपुर अंबिकापुर नेशनल हाईवे संख्या 130 में खड़े ट्रेलर से एक यात्री बस जा भिड़ी। दुर्घटना में कई यात्री घायल हुए हैं जबकि सेट में फंसे एक यात्री को कई घंटे की मशक्कत के बाद निकाल लिया गया। पीड़ितों को नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि यात्री बस के ड्राइवर और कंडक्टर फरार हो गए। उनकी खोजबीन की जा रही है।

खबर के अनुसार आज तड़के लगभग 4 बजे यह हादसा बांगों थाना क्षेत्र के बरौदखार में हुआ। जानकारी में बताया गया कि अम्बिकापुर नेशनल हाईवे में बरौदखार के पास ट्रेलर खड़ा कर चाक आराम कर रहा था। झारखंड के गढ़वा से रायपुर के लिए संचालित होने वाली रात्रिकालीन दुबे ट्रेवल्स की यात्री बस रायपुर की तरफ जाने के दौरान इस इलाके में दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया गया कि यात्री बस के चालक के लापरवाही से यह वाहन ट्रेलर के पीछे जा भिड़ा। पता चला कि रात्रि में यात्री बस की स्पीड काफी ज्यादा थी और इसी दरमियान चालक को नींद का झोंका आ गया। ऐसे में उसे हाईवे पर खड़ा ट्रेलर नजर नहीं आया और अगले पल बस का नमूना बदल गया। यात्रा के दौरान स्लीपर बस में सोए हुए यात्रियों की नींद टूटी और वे जोरदार हुई टक्कर से लगी चोट के कारण कराहने लगे। इससे पहले की लोगों को समझने का मौका मिलता, आगे की स्थिति को भापकर यात्री बस चालक और कंडक्टर भाग निकले। हाईवे से गुजरने वाले लोगों ने इस घटना के बारे में पुलिस के डायल 112 को सूचना दी। कुछ देर के बाद 112 सहित थाना की टीम यहां पहुंची। इस समय तक आसपास के लोग भी घटना स्थल पर पहुंच चुके थे उनकी मदद से पुलिस ने बस में समान लोगों को बाहर निकाला और चोट के आधार पर उन्हें अस्पताल भिजवाने की कार्रवाई की।

बताया गया कि हादसे में बस के केबिन के पास वाले हिस्से में एक यात्री बुरी तरह से फस गया था। लगभग 5 घंटे तक मशक्कत करने के बाद उसे सुरक्षित निकाला जाना संभव हो सका। पुलिस थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा ने बताया कि मामले को लेकर अपराध दर्ज किया गया है और आगे कारवाई की जा रही है।



बरौदखार क्षेत्र में तड़के हुए हादसे का जायजा लेती पुलिस, इनसेट में रेस्क्यू ऑपरेशन कर फंसे यात्री को निकालते लोग।

## विहिप और बजरंग दल की बैठक हुई दीपका में



**कोरबा।** विहिप और बजरंग दल की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर गेवरा दीपका में परिषद के विभाग सह मंत्री विजय राठौर, जिला सह मंत्री राज नारायण गुप्ता, बजरंग दल कोरबा जिला संयोजक राणा मुखर्जी ने ली। कार्यकर्ताओं को यहां पर संगठन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें हिंदू हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। संगठन की योजनाओं एवं वैध तरीके से क्रियान्वयन के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। दीपका नगर के अलग अलग वार्ड से आए बजरंगियों द्वारा ध्यान पूर्वक संगठन को समझा गया और हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए तैयार हुए साथ ही साथ सासाहिक मिलन हनुमान चालीसा एवं अखाड़ा लगने के लिए भी प्रेरणा दी गई। बजरंगियों द्वारा रुचि लेते हुए तैयार हुए जिला संयोजक राणा मुखर्जी के द्वारा बताया गया कि अखाड़ के माध्यम से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को शारीरिक रूप से मजबूत एवं आपात स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने बल प्रदान करता है।

## सुरक्षा पर नारा, निबंध लिखने वाले पाएंगे पुरस्कार






**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दीप का एरिया में सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कार्यस्थल और अन्य क्षेत्रों में सुरक्षा पर प्राथमिकता दी जा रही है।

एसईसीएल कार्मिक सत्य प्रकाश मिश्रा ने कार्यस्थल पर स्टाफ के साथ जागरूकता का संदेश देने के साथ सभी को नियम पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन के सभी क्षेत्र में सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और जब कार्यक्षेत्र जोखिम भरे हो तो वहां पर सुरक्षा के प्रति गंभीरता और भी आवश्यक हो जाती हैं। ऐसा करने से इस बात की गारंटी रहती है कि शून्य दुर्घटना युक्त वातावरण का निर्माण किया जाना संभव हो सकेगा। इस दौरान उनके साथ मनोज तिर्की सेफ्टी ऑफिसर, वर्कमैन इंस्पेक्टर राजकुमार राठौर, ए एम उपाध्याय,पंकज पाठक, सरजू रत्नाकर, लक्ष्मण दास वैष्णव, प्रदीप कुमार गुप्ता, रामेश्वर आदित्य शामिल रहे।

बताया गया कि सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सुरक्षित कामगार खुशहाल परिवार विषय पर क्रिएटिव एक्टिविटी भी कराई जा रही है। इसमें कर्मचारियों के परिवार के बच्चे और महिलाएं सुरक्षा को लेकर निबंध एवं स्लोगन लिख सकते हैं। भाषण प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी हो सकती है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी पुरस्कृत किए जाएंगे।

## बांगो बांध के जल स्तर में हो रही बढ़ोत्तरी



**कोरबा।** बहुउद्देशीय हसदेव बैंगन बांध परियोजना का जलस्तर हाल में हुई बारिश के असर से अब 131 मीटर तक पहुंच गया है। कोरिया जिले और कोरबा जिले में बरसात के सकारात्मक रूप के कारण अब यहां की जलप्रपात क्षमता में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है।

ग्रीष्मकल में रवि फसल के लिए पहली बार बड़ी मात्रा में बांध से पानी छोड़ने की कार्रवाई की गई। वर्ष 2000 के बाद पहली बार ऐसे हालात बने जब बांध में केवल 26 फ़ीसदी पानी शेष रह गया। तब से लगातार इस बात की चिंता जताई जा रही थी कि अगर वर्ष 2025 में बारिश का रुख बेहतर नहीं होता है तो आगे लेने की देने पड़ सकते हैं और ऐसी स्थिति में यहां से पानी छोड़ने की सुविधा नहीं दी जा सकेगी। जून से अब तक की स्थिति में हुई बारिश के कारण हसदेव बांगो बांध में अब तक लगभग 31फीसदी पानी की उपस्थिति तय हुई है। बांध परियोजना के कार्यपालन अभियंता अरविंद नीखरा ने बताया कि मौजूदा स्थिति में जल भराव स्तर 131 मीटर हो गया है। 145 मीटर तक जल भराव होने के बाद यहां से पानी छोड़ने के हालात बनेंगे।याद रहे विश्व बैंक के सहयोग से पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा हसदेव बांगो बांध परियोजना का निर्माण कराया गया था जो 1992 तक पूरा हो सका। तब से लगातार कोरबा जिले में उद्योगों के अलावा कोरबा सहित जांजगीर चंपा और शक्ति में कृषि व नागरिक आवश्यकताओं की पूर्ति इसके माध्यम से सुनिश्चित हो रही है।

# जोर की बारिश में जमींदोज हुआ बाथरूम, कई सामान बर्बाद

### ढोढ़ीपारा के भैंस खटाल क्षेत्र में हुई घटना



**कोरबा।** सावन से पहले ही झमाझम बारिश ने राहत जरूर दी लेकिन इसके साथ आफत का दौर भी शुरू हो गया है। कोरबा के ढोढीपारा वार्ड में बारिश के चक्कर में कुछ लोगों को नुकसान हुआ। यहां पर एक मकान का बाथरूम पूरी तरह से धराशाई हो गया। इसकी चपेट में कई महंगे सामान आ गए। स्थानीय पार्षद ने यहां पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान को लेकर स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया गया है। बताया गया कि ढोड़ीपारा वार्ड में उत्तरा केवट के मकान में पिछली रात यह घटना हुई। लगातार कई घंटे की बारिश ने सभी तरफ अपना असर डाला और इसका नतीजा यह हुआ कि कुछ मामलों में बारिश नुकसान का कारण बनी। केवट के मकान के बाथरूम की छत इस दौरान धराशाई हो गई और पूरा आसपास में बिखर गया। बताया गया कि इसी हिस्से में वाशिंग मशीन के अलावा कई महंगे सामान रखे हुए थे। ये सभी नष्ट हो गए। मकान मालिक काफी लंबी चपत इस घटना में लगी है। जोर की आवाज के साथ घर के लोगों की नींद खुली तो उन्होंने यहां के नजारे को देख माथा पीट लिया। आज सुबह इलाके के पार्षद लक्ष्मण श्रीवास ने मौके पर पहुंच वस्तुस्थिति देखी। उनके द्वारा प्रशासन को इस बारे में अवगत कराया गया है। खबर के अनुसार प्राकृतिक आपदा के मामलों में राजस्व परिपत्र के अंतर्गत पीड़ितों को क्षतिपूर्ति दिए जाने के प्रावधान है।

### स्लम इलाकों में बढ़ रही चुनौतियां

हर बार बारिश के मौसम में कई प्रकार की चुनौतियों का सामना स्लम बस्तियों की लोगों को करना पड़ता है। बारिश के रूख के कारण इस वर्ष भी ऐसे हालात आसपास बनते नजर आ रहे हैं। अतिवृष्टि होने से संभावित परेशानी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम जल भराव को टालने के लिए योजना बना रहा है। बड़े नालों की सफाई कराने के साथ इस पर निगरानी रखी जा रही है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कन्वेंशन 4 को

**कोरबा।** कोल इंडिया में राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर 4 जुलाई को कोरबा में भी कन्वेंशन आयोजित किया गया है। जिसमें एचएमएस के राष्ट्रीय महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धु शामिल होंगे। सीआरसी क्लब में आयोजित इस बैठक में एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, एसईसीएल एचएमएस अध्यक्ष रेशमलाल यादव, एसकेएमएस के महामंत्री अजय विश्वकर्मा, मनोहर सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। बैठक को सफल बनाने के लिए संदीप चौधरी, किशोर सिन्हा, अनूप सरकार, साजी जॉन, अजीत पांडेय, सुरेंद्र मिश्रा, धर्मा राव, दीपक उपाध्याय सहित अनेकों कार्यकर्ता लगे हुए हैं। एचएमएस के राष्ट्रीय महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धु गेवरा में भी बैठक लेंगे। इस बैठक में गिरजा साहू, एच.डी.मानिकपुरी, अमृतलाल चंद्रा, उदयन सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### गिरीश शुक्ला बने कार्यवाहक अध्यक्ष



**कोरबा।** एसईकेएमसी के गेवरा एरिया अध्यक्ष डी.के.मिश्रा की अनुशंसा, महामंत्री जीवराखन चंद्रा के सहमति से केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने गिरीश शुक्ला को एसईकेएमसी का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## पंपहाउस राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन हुआ जलाधिवास



**कोरबा।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 पंपहाउस में स्थित राम मंदिर में भगवान के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय अनुष्ठान आज से प्रारंभ हो गया। जलाधिवास से इसका प्रारंभ हुआ। संपूर्ण आयोजन में क्षेत्रवासियों की सक्रिय भागीदारी हो रही है।

राम मंदिर समिति ने बताया कि वैदिक विधि विधान से मंदिर में भगवान श्रीरामचंद्र के नवीन विग्रह को प्रतिष्ठित किया जा रहा है। इसके लिए प्रतिष्ठा उत्सव आयोजित किया गया। आज सुबह 10 बजे भगवान का जलाधिवास संपन्न कराया गया। शास्त्रीय परंपरा के अंतर्गत अनुष्ठान के प्रथम दिवस 2 जुलाई को शाम चार बजे दुग्धाधिवास होगा। 3 जुलाई को सुबह 10 बजे अन्नाधिवास, शाम 4 बजे फल एवं शैय्याधिवास के सोपान पूरे होंगे। मुख्य पूजन 4 जुलाई को सुबह 9.10 बजे शुरू होगी। इसके अंतर्गत बेदी पूजा की जाएगी और फिर भगवान के विग्रह कि प्राण प्रतिष्ठा करने के साथ उन्हें यथा स्थान विराजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि 5 जुलाई को प्रतिष्ठा उत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति ने नगरवासियों से इस धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## कांग्रेसियों ने करतला में किया प्रदर्शन

**कोरबा।** बीज-खाद उचित कीमत पर देने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने कल करतला में प्रदर्शन किया। उनके द्वारा लगातार कई क्षेत्रों में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कल रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर व जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इनका कहना था कि किसानों को सही समय पर खाद व बीज उपलब्ध कराया जाए। उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके बाद कांग्रेसियों ने एक बैठक आयोजित की जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के रायपुर आगमन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। आज इसी मुद्दे पर पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत कोरबा आकर कांग्रेसियों की बैठक लेंगे। इस बैठक में पूत्र विधायक जयसिंह अग्रवाल, मनोज चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभा तंवर, महामंत्री भुवनेश्वरी दास, ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह, टिकाराम मनहर, गोरेलाल यादव, विकास शुक्ला, रहमान खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## एसईकेएमसी ने डॉक्टरों का किया सम्मान

**कोरबा।** कल डॉक्टर्स डे के अवसर पर एसईकेएमसी के कार्यकर्ताओं ने नेहरू शताब्दी चिकित्सालय पहुंचकर डॉक्टरों का सम्मान किया। इस दौरान जीवराखन चंद्रा, डीके मिश्रा, छंदराम राठौर, एमपी सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तायुक्त बनाया बालको ने

**कोरबा।** बालको अस्पताल को प्रतिष्ठित एनएबीएच (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स) की मान्यता प्राप्त हुई। यह उपलब्धि रोगी-केंद्रित सेवा और गुणवत्ता युक्त डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत बनाती है। एनएबीएच मान्यता देश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता का प्रतीक मानी जाती है।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि बालको अस्पताल प्रयोगशाला परीक्षणों में सर्वोच्च राष्ट्रीय मानकों का पालन करता है और मरीजों को सटीक, सुरक्षित तथा रोगी-केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनएबीएच मान्यता प्राप्त करना अस्पताल की गुणवत्ता, दक्षता और निरंतर सुधार की सोच को दर्शाता है।



चिकित्सक दिवस के अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने अस्पताल के चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। साथ ही एनएबीएच उपलब्धि के लिए सीईओ श्री राजेश कुमार ने बालको अस्पताल की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बालको अस्पताल के माध्यम से कोरबा जिले में अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों की शुरुआत होने पर गर्व है।

बालको के मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक सिन्हा ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी टीम के निरंतर प्रयास, सेवा भावना और गुणवत्ता के प्रति समर्पण का परिणाम है। हम अपने मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अपने संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने कहा कि हम चिकित्सा नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने और बालको अस्पताल में अपने रोगियों की देखभाल में विश्वास करते हैं। हम अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण के माध्यम से मरीजों की देखभाल और उपचार को उत्कृष्ट तरीके से कर पाएंगे।

125 आधुनिक बेड से युक्त बालको अस्पताल कंपनी के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजन और विभिन्न जिलों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। विशेषज्ञ की टीम है जिसमें सामान्य चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, दंत चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ और आर्थोपेडिक सर्जन के साथ 09 विजिटिंग कंसल्टेंट शामिल हैं। इसके साथ ही अस्पताल को 24 चिकित्सक विशेषज्ञ, 69 नर्स और 126 स्टाफ सदस्यों का समर्थन प्राप्त है।













स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com